हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025



## आवारा कुत्तों की निगरानी करेंगे स्कूल प्राचार्य, निगम हर वार्ड में बनाएगी फीडिंग पॉइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आवारा मवेशियों के बाद अब आवारा कुत्तों की धड़पकड़ को लेकर सरकार ने नया आदेश जारी कर दिया है। लोक शिक्षण संचनालय द्वारा जारी आदेश में सभी जिलों के सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को आवारा कुत्तों की निगरानी के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आवारा कुत्ते दिखने पर उसकी जानकारी संबंधित निकाय को देंगे। दूसरी ओर जिले के सभी निकाय में अब हर वार्ड में फीडिंग पॉइंट बनाए जाएंगे। इसके साथ ही निकाय आवारा कुत्तों को गोद लेने के इच्छुक लोगों से आवेदन भी लेंगे।

लोक शिक्षण संचानालय के आदेश के मुताबिक हर स्कूल में प्राचार्य/संस्था प्रमुख को नोडल अफसर बनाया जाएगा, जो स्कूल परिसर और आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों की जानकारी नगर निगम या निकायों को भेजेंगे। जरूरत पड़ने पर कुत्तों को पकड़वाने की कार्रवाई भी प्राचार्य की रिपोर्ट पर की जाएगी। आदेश के मुताबिक स्कूल परिसर के आसपास आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं, जो मध्यान्ह भोजन के समय स्कूल तक पहुंच जाते हैं। इससे स्कूली बच्चों को कुत्तों के काटने का खतरा रहता है। ऐसे में आवारा कुत्तों की जानकारी प्राचार्य और हेडमास्टर ग्राम पंचायत को देंगे। इसके अलावा अगर किसी बच्चे को आवारा कुत्ते के काटने की घटना होती है तो बच्चे को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने की जिम्मेदारी भी स्कूल प्रबंधन की होगी। स्कूल परिसर में कुत्ते घुसने की शिकायत बढ़ने के बाद विभाग ने यह कदम उठाया है।

### पंचायत एक सप्ताह के भीतर बताएगी उनके गांव में कितने संस्थाओं के परिसर!

#### विभागों में बांटे काम

जारी आदेश में यह भी साफ कर दिया गया है कि किस विभाग के पास कौन सी जिम्मेदारी होगी। बताया गया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पास कुत्ता पकड़ने, उनकी देखभाल एवं नसबंदी सहित टीकाकरण की जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पास पंचायत क्षेत्र की सीमाओं के भीतर संस्थाओं के परिसर में आवारा कुत्तो की एंट्री रोकना एवं उनकी नसबंदी व टीकरकरण का जिम्मा होगा।



#### इन विभागों को जिम्मा

पशुधन विकास विभाग द्वारा जारी आदेश में अवारा मवेशी एवं कुत्तों पर निगरानी एवं उनके टीकाकरण जैसी जिम्मेदारी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग, लोकनिर्माण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अलावा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को जिम्मा दिया गया है।

#### स्कूल महकमा चलाएगा जागरूकता अभियान

जारी आदेश के अनुसार स्कूल शिक्षा, उच्चा शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्र एवं कर्मचारियों को जानवरों के आसपास सावधानी बरतने संबंधी व्यवहार, वहीं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों को हर समय एंटी-रेबीच टीके एवं इम्मुनोग्लोबुलिन का स्टॉक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### खबर संक्षेप

#### इब्राहिम एसआई बने



**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा सहायक उपनिरीक्षक इब्राहिम खान को स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया। पुलिस के अनुसार विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के आदेश पर 21 नवंबर को कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा पुलिस चौकी चिखली में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक इब्राहिम खान को स्टॉर लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। इस अवसर पर एएसपी मुकेश ठाकुर, एएसपी राहुल देव शर्मा, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक एवं रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

#### सद्भावना क्रिकेट लीग 30 नवंबर को

**राजनांदगांव।** पशु चिकित्सकों के बीच खेल भावना और आपसी सद्भाव बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय सद्भावना क्रिकेट लीग का आयोजन 30 नवंबर को किया जा रहा है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी राज्य स्तर की चार टीमें रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और बालोद टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। मैच पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा (दुर्ग) के कॉलेज ग्राउंड में खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह सुबह 9 बजे कॉलेज मैदान में होगा। आयोजन को लेकर प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने उत्साह व्यक्त करते कहा कि हमने इस टूर्नामेंट में चार जिलों के डॉक्टरों को शामिल किया है। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह मुख्य अतिथि होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्रकांत वर्मा संचालक पशुधन विकास विभाग करेंगे। अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, अपर संचालक डॉ. केके ध्रुव, बड़ी संख्या में पशु चिकित्सा अधिकारी और महाविद्यालय के छात्र उपस्थिति रहेंगे।

### एसआईआर से बढ़ी दिक्कतें, आम मतदाता हो रहे हलाकान

## आधार कार्ड सुधरवाने लंबी कतारें, फार्म भरना बना चुनौती, साइबर ठग भी सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


देश के दर्जनभर राज्यों में जारी एसआईआर यानि विशेष गहन परीक्षण प्रक्रिया से लोगों की कई दिक्कतें बढ़ गई है। एक ओर जहां आधार कार्ड में गलत नाम, पता सुधरवाने लोगों की लंबी कतारें पोस्ट ऑफिस और अन्य च्वाईस सेंटरों में देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर एसआईआर के लिए जरूरी गणना प्रपत्र भरना लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

बीएलओ द्वारा आधी जानकारी दिए जाने के चलते लोग फार्म को लेकर इधर-उधर भटकने मजबूर हो रहे हैं। वहीं मौके का फायदा उठाते सायबर ठग भी नजर आ रहे हैं। बीएलओ बनकर लोगों को फोन कर साइबर ठगी की कोशिशें भी हो रही है। जिसको देखते हुए जिला पुलिस महकमा भी लगातार लोगों को ठगी से बचने के लिए जागरूक करने में जुट गया है।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग दो दशक बाद फिरसे छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया कर रहा है। इस दौरान सभी मतदाताओं से गणना प्रपत्र के फार्म भराए जा रहे हैं। फार्म भरकर जमा नहीं करने वाले मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं। यही कारण है कि लोग भी इसको लेकर अलर्ट दिखाई दे रहे हैं।

**खास बातें**

- चार दिसंबर तक गणना प्रपत्र भरने का दिया समय
- 2003 की सूची में दर्ज नाम के आधार पर ही भरे जा रहे नए गणना प्रपत्र



#### नाम-पता सुधरवा रहे लोग

एसआईआर प्रक्रिया के तहत गणना प्रपत्र के साथ ही आधार कार्ड की कॉपी भी जमा करना है। ऐसे में लोग अपने आधार कार्ड में गलत छपे नाम, नंबर और पता को सुधरवाने में जुट गए हैं। आलम यह है कि पोस्ट ऑफिस में ही रोजाना दो सौ से अधिक लोग सुधार कराने पहुंच रहे हैं। हालांकि सुधार 40 से 50 लोग का ही हो रहा है। वहीं जिले में रोजाना लगभग एक हजार लोग अपना आधार कार्ड में सुधार करा रहे हैं।

#### नाम ढूंढना बना चुनौती

ज्ञात हो कि गणना प्रपत्र में सभी मतदाताओं को 2003 के एसआईआर की जानकारी देनी है। जिनका नाम था वे अपनी और जो मतदाता नहीं थे, वह अपने माता-पिता की जानकारी देंगे। ऐसे में लोग अपना 2003 की सूची में नाम ढूंढने में लगे हुए हैं, लेकिन उस दौरान की मतदाता सूची में भी नाम इधर से उधर दर्ज होने के चलते लोगों को काफी दिक्कतें आ रही है। वहीं दूसरे शहर से राजनांदगांव आकर बसे लोगों को भी अपना नाम ढूंढने में दिक्कत आ रही है।

#### जिले में 7.10 लाख मतदाता

मिली जानकारी के अनुसार दो दशक पहले 2003 में एसआईआर की प्रक्रिया की गई थी। उस दौरान राजनांदगांव जिले में कुल 488554 मतदाता थे। वहीं अब मौजूदा स्थिति में जिले में लगभग 7.10 लाख मतदाता हो गए हैं। ऐसे में उस दौरान जिन मतदाताओं का नाम था, उन्हें अपने पुराने एसआईआर की जानकारी देनी है। वहीं जो उस दौरान मतदाता नहीं थे, उन्हें अपने पालक की जानकारी उपलब्ध करानी है।

#### साइबर ठगी से बचे, ना दें ओटीपी

इधर एसआईआर प्रक्रिया का फायदा उठाने की मंशा से साइबर ठग भी एक्टिव हो गए हैं। वे लोगों को फोन कर एसआईआर के नाम पर ओटीपी मांग रहे हैं। ऐसे में जिला पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर किसी को भी ओटीपी देने से मना कर रही है। वहीं बीएलओ या किसी जिम्मेदार व्यक्ति से ही एसआईआर का गणना प्रपत्र भरवाने की अपील की गई है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों में कई प्रकार से साइबर ठगी सामने आई है।

## ज्वेलर्स का संचालक लिख रहा था सट्टा-पट्टी, पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोबाइल में सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में पुलिस ने ज्वेलर्स दुकान के संचालक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी से मोबाइल एवं नगदी रकम जब्त किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री, जुआ, सट्टा पर अंकुश लगाने चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण नामदेव के नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर हेमलता ज्वेलर्स सोमनी के संचालक विवेक सोनी अपने दुकान में अंकों पर रुपए-पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का सट्टा नामक खेल खिला रहा है।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

प्रकरण में अन्य आरोपी मोबाइल नंबर के धारक आरोपी दीनूराम सेन 32 साल निवासी बैगाटोला को सायबर सेल की मदद से पता तलाश कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक राजू मेश्राम, प्रधान आरक्षक डुलेश्वर साहू, आरक्षक जी. शंकर राव, बिरेन्द्र मंडावी, आरक्षक दिनेश वर्मा, आरक्षक टुमन एवं थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा।

#### पुलिस ने मौके पर दी दबिश

पुलिस द्वारा हेमलता ज्वेलर्स सोमनी पहुंचकर रेड कार्रवाई किया, जहां दुकान के संचालक विवेक सोनी 33 साल निवासी ग्राम टेडेसरा अपने मोबाइल से अंकों पर रुपए-पैसे दांव लगाकर हार-जीत नामक सट्टा खेल खिलाते मोबाइल में व्हाटसअप के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखते मिला। पुलिस के अनुसार मोबाइल फोन एवं नगदी रकम 400 रुपए को बरामद कर जब्त किया गया। मौके पर आरोपी विवेक सोनी द्वारा उक्त सट्टा-पट्टी को व्हाट्सअप के माध्यम से अन्य व्यक्ति को देना बताया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर थाना सोमनी में धारा छग जुआ प्रति. अधि. की धारा 7(1)कायम कर विवेचना में लिया गया।

## नोटिस से कब्जाधारियों में आक्रोश, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



लखोली क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के कब्जाधारी परिवारों को मकान खाली करने निगम नोटिस के बाद यहां रह रहे लोगों में आक्रोश है। मंगलवार को कब्जाधारी परिवार के लोगों ने यहां प्रदर्शन किया और निगम के खिलाफ नारेबाजी की।

शहर के लखोली क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान निर्माण किया गया है। जिसमें 5-6 वर्षों से कब्जाधारी गरीब परिवार के लोग रह रहे हैं। इन परिवार के लोगों ने 75 हजार रुपए में मकान आबंटन करने नगर निगम से मांग की थी और थोड़ा-थोड़ा किस्त लेने आग्रह किया था। प्रदर्शनकारी कब्जाधारियों ने बताया कि निगम द्वारा मकान निर्माण की लागत 2 लाख 75 हजार रुपए एकमुश्त मांगा जा रहा है और रुपए नहीं देने पर 7 दिवस में मकान खाली करने 18 नवंबर को नोटिस चस्पा किया गया है। कब्जाधारी परिवार के लोगों ने कहा कि महापौर चुनाव के वक्त भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने कहा था कि किसी भी परिवार को यहां से नहीं निकाला जाएगा और 75000 रुपए में मकान आवंटन किया जाएगा, लेकिन अब मकान खाली करने नोटिस जारी किया गया है।

#### चक्काजाम की चेतावनी

कब्जाधारी परिवारों को मकान खाली करने नोटिस मिलने पर कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इस मामले में प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरते कहा कि गरीब परिवार इतने पैसे देने की स्थिति में नहीं हैं, ऊपर से निगम उन्हें बैंक से फाइनेंस लेने को मजबूर कर रहा है, जहां ब्याज सहित रकम दोगुने से भी ज्यादा हो जाएगी। यह योजनाबद्ध तरीके से गरीबों पर आर्थिक हमला है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में लोग अपना घर खाली नहीं करेंगे। अगर महापौर ने वादा पूरा नहीं किया तो चक्काजाम और उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

#### नेतागिरी की जा रही

मकान निर्माण की लागत राशि जमा करने या मकान खाली करने नोटिस जारी किया गया है। नेतागिरी करके इसे पॉलिटिकल इशू बनाया जा रहा है।

- **दीपक खंडे**, कार्यपालन अभियंता, ननि.

## छह दिसबंर से शादियों पर ब्रेक, इस महीने के हर शुभ मुहूर्त पर सैकड़ों शादियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में लगातार वैवाहिक मुहूर्त से लोगों में व्यस्तता का आलम है। पंचाग के अनुसार कल 22 से 30 नवंबर तक शुभ मुहूर्त है। जिससे बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होने की संभावना है।

ज्ञात हो कि देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह के बाद से शुभ कार्यों की श्रृंखला शुरू हो चुकी है। वहीं मुहूर्त होने से वैवाहिक आयोजनों का लगातार क्रम भी बना हुआ है। खासकर नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में लगातार वैवाहिक मुहूर्त से लोगों के चेहरे खिले हुए हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होने की संभावना है। इधर इस सप्ताह लगातार वैवाहिक मुहूर्तों को देखते हुए शहरी सहित ग्रामीण बाजार में लोगों की चहल-पहल पूर्व की अपेक्षा इन दिनों बढ़ी हुई है। बाजार में वैवाहिक सामग्रियों की खरीदी के लिए लोगों की उपस्थिति बेहतर है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े व्यवसायी डेकोरेशन, हलवाई सहित अन्य इन दिनों काफी व्यस्त चल रहे हैं। बताया गया कि देवउठनी एकादशी के बाद से ही वैवाहिक वातावरण निर्मित हो गया है। जिससे बाजार में रौनक बनी हुई है। ग्रामीण इलाकों में हालांकि इस सीजन में कृषि कार्य में ग्रामीण जुटे हुए हैं। जिसके चलते वैवाहिक आयोजन ग्रामीण इलाकों में कम है। शहरी क्षेत्र में वैवाहिक आयोजनों की धूम है। माना जा रहा है कि नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में बड़ी संख्या में वैवाहिक मुहूर्त के दौरान मांगलिक आयोजन होंगे। इसके बाद दिसंबर माह में कुछ गिने-चुने मुहूर्त है। इस दौरान भी मांगलिक कार्यक्रमों की श्रृंखला रहेगी।

#### सार्वजनिक भवनें बुक

पंचाग के अनुसार नवंबर माह में 22, 23, 24, 25, 29 एवं 30 नवंबर को लगातर वैवाहिक मुहूर्त है। जिससे जिनके यहां वैवाहिक आयोजन उक्त मुहूर्त में होना है, उनके बीच व्यस्तता का माहौल है। शादी कार्ड बांटने से लेकर सार्वजनिक भवनों का आरक्षण एवं अन्य तैयारियों में लोग जुटे हुए हैं। हालांकि सार्वजनिक भवनों का आरक्षण पूर्व में ही कई लोगों ने करा लिया है।

### शुक्रवार देर रात जारी हुआ सीजी-पीएससी 2024 का परिणाम, 19वीं रैंक पर आए शहर के तुषार

## होनहारों ने लहराया परचम...तुषार बने डीएसपी, जिवेश आबकारी निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ममता नगर निवासी तुषार मंडावी ने अपने पहले ही प्रयास में लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर डीएसपी के पद पर चयनित हुए हैं। उनके चयन के बाद आज बाजे-गाजे के साथ उनके मित्रों ने उनका स्वागत किया।

23 वर्षीय तुषार मंडावी के पिता रोहित मंडावी नगर सेना में कार्यरत हैं। वहीं उनकी माता ममता मंडावी गृहणी है। तुषार मंडावी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा ममता नगर के सरस्वती ज्ञान मंदिर में हासिल की। वही मिडिल और हाई स्कूल की शिक्षा उन्होंने शहर के वेसलियन हिंदी मीडियम स्कूल से पूरी की और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय से उच्च शिक्षा ग्रहण किया। तुषार मंडावी शुरू से ही लोकसेवा में जाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने बिलासपुर से



8 माह कोचिंग किया हुआ था। वर्ष 2023 में तुषार ने राजनांदगांव फैमिली कोर्ट में सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्य करना शुरू किया। इसी बीच वह लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी दो-तीन साल से कर रहे थे। सीजीपीएससी की परीक्षा में तुषार ने 19वां स्थान हासिल किया है। उनकी उपलब्धि को लेकर आज कोर्ट से छुट्टी होने के बाद बाजे-गाजे के साथ उनके मित्रों ने जुलूस निकाला और बधाई दी। इधर तुषार के घर पहुंचते ही परिजनों ने उनका आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

#### टाईम मैनेजमेंट काफी आवश्यक

अपनी तैयारी को लेकर तुषार मंडावी में बताया कि वह न्यायालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत है, तो पढ़ाई के लिए सुबह 2 घंटा और रात 2 घंटा निकाल लेते थे। उन्होंने कहा कि टाईम मैनेजमेंट अगर कर लिया जाए तो सब हो सकता है। उन्होंने कहा कि आप कितना पढ़ रहे हो यह मायने नहीं रखता, आप क्या पढ़ रहे हो यह मायने रखता। उन्होंने बिना कोचिंग के ही इस मुकाम को हासिल किया है। तुषार ने कहा कि उन्हें राज्य प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना था, जो पूरा हुआ है।

#### सीजीपीएससी से आबकारी निरीक्षक के पद पर चयन

सीजीपीएससी 2024 की परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी होते ही कई युवाओं के सपने पूरे हो गए हैं। शहर के जीवेश मिश्रा ने भी सीजीपीएससी की इस परीक्षा में सफलता हासिल की है और उनका चयन आबकारी निरीक्षक के लिए हुआ है। सीजीपीएससी से 246 पदों के लिए वरीयता सूची जारी कर दी गई है। जिसमें मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर शहर के रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी निवासी जीवेश मिश्रा ने मेरिट सूची में 99वीं रैंक हासिल की है। जीवेश ने 12वीं की पढ़ाई के बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त की। जीवेश मिश्रा ने बताया कि उन्होंने अपनी तैयारी के लिए सोशल मीडिया को भी एक आधार बनाया हुआ था, जहां से कई जानकारियां एकत्रित होती थी। उन्होंने बताया कि उनके पिता कप्तान मिश्रा प्रापर्टी के काम से जुड़े रहे हैं।



#### प्रयास से मिलती है सफलता

जीवेश मिश्रा पिछले चार साल से परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इससे पहले दो बार मैन्स और मुख्य परीक्षा में सफल रहे, लेकिन इंटरव्यू में सफलता नहीं मिली थी। तीसरी बार उन्होंने इंटरव्यू भी पास कर लिया। उन्होंने बताया कि वह लगभग तीन-चार घंटे पढ़ाई करते थे।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
24x7 Emergency Services
किसी भी मेडिकल इमरजेंसी एवं ट्रामा में हमेशा आपके साथ...
विशेषज्ञ टीम 27x4 उपलब्ध
डॉ. दीपक वर्मा (MBBS, MS) ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सर्जन
डॉ. ए. त्रिवेदी (MBBS, DNB, MCh) न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन
डॉ. जोगेश चंद्र मरहुल (MBBS, MS) लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
डॉ. नीरज (MBBS, MS) लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा चेकअप एवं इलाज
• विशेष प्रशिक्षित आईसीयू नर्सिंग स्टॉफ
• अत्याधुनिक एवं जीरो इंफेक्शन मेडिकल एवं सर्जिकल आईसीयू
• 27X4 ट्रॉमा एवं स्ट्रोक टीम • 27X4 आपातकालीन सेवा
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप



### फार्म हाऊस का लिया जायजा

**जालबांधा।** महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में विद्यार्थियों ने मोहंदी स्थित कक्कू फार्म हाउस का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वृक्षों, औषधीय पौधों, पुष्पों, घासों, तितलियों, पक्षियों तथा कीटों के बारे में जानकारी हासिल किया। विषय विशेषज्ञ अश्विन गौतम ने जैव विविधता, घटक, पर्यावरण संतुलन में भूमिका तथा वनों की कटाई, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन आदि के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने टीम बनाकर पौधों की सूची तैयार की। जलस्त्रोतों के आसपास मौजूद जीव-जंतुओं का अवलोकन किया।

### प्रधान पाठक कंवर चौथी बार सम्मानित



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुषराम कंवर विनोबा एप्प में लगातार चौथी बार और जिला स्तर पर दूसरी बार पोस्ट आफ मंथ के विजेता बने है। श्री कंवर के अक्टूबर में जिला स्तर के पोस्ट आफ मंथ का विजेता बनने पर एपीसी मनोज मरकाम, पदुमलाल पन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य, विनोबा एप जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार साहू ने प्रशस्तिपत्र एवं शैक्षणिक किट प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधान पाठक को संकुल प्राचार्य जैन मैडम, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, रवि चन्द्रवंशी, महेंद्र कंवर, शिव कंवर, भुवनेश्वर कंवर, झनक ठाकुर, गजेंद्र मंडावी, हेमदास उइके आदि ने बधाई दी है।



### जाफर बने सरपंच संघ के संरक्षक

**डोंगरगढ़।** नारायणगढ के सरपंच रहे जाफर अली खान को सरपंच संघ की बैठक में सर्व सम्मति से 0 संघ के संरक्षक चुना गया है। सरपंचों में तालमेल स्थापति करने, सरपंचो की समस्या एवं मांगों को प्राथमिकता से उठाने, संघ को संगठित करने उन्हे यह दायित्व दिया गया है। सभी संरपंचों ने उन्हे बधाई दी है।

### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 22 से

**डोंगरगढ़।** न्यायधानी बिलासपुर के अग्रोहा धाम इमलीपारा में छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 22 नवंबर से किया गया है। समिति के पवन मित्तल, योगेश अग्रवाल, अनूप सिंघानिया, सौरभ अग्रवाल ने बताया कि तीनों दिन शिविर में हाथ पैर से विकलांग को जरूरत के अनुरूप में कृत्रिम अंग दिया जाएगा।

### कुशिका का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला नवागांव की कुशिका बाघमारे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए हुआ है।वह मेंढ़ा निवासी जितेंद्र कुमार बाघमारे की पुत्री है। शुरू से मेधावी कुशिका नियमित साइकिल चलाते हुए मेंढ़ा से प्राथमिक शाला नवागांव पढ़ने आती थी। उसे प्रधानपाठिका मंजरी गजभिये, शिक्षक मनु ठाकुर, कनकराम साहू, अध्यक्ष अश्वनी साहू, उपाध्यक्ष सुशीला देवांगन, सरपंच मदनलाल देवांगन, ताराचंद सिंह ने बधाई दी है।

### खाद्य आयोग अध्यक्ष ने चखा मध्यान्ह भोजन



**डोंगरगढ़।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने 20 नवंबर को प्राथमिक शाला नं 1डोंगरगढ़ का का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, रसोई कक्ष की सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, बर्तनों की सफाई, मीनू आदि का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, भोजन वितरण प्रक्रिया तथा अन्य की पंजियो का अवलोकन किया। अधिकारियों से भोजन की गुणवत्ता जाँच सहित अन्य विषयों पर चर्चा की । इस दौरान सचिव राजीव कुमार, सदस्य राजेन्द्र महिलांग, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे, बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, बीआरसी सुरेश सहारे, एबीईओ वीरेंद्र कौर मांगट, गोपीराम वर्मा, मनीष श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### राम कथा ज्ञान यज्ञ 23 से

**डोंगरगढ़।** बुधवारीपारा वार्ड 15 स्थित गौरा चौरा में आगामी 23 से 30 नवंबर तक श्रीमद् राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजित है। शिव शक्ति महिला मंडली के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कथा वाचक मुकुंद कृष्ण महाराज होंगे। मंडली की सदस्यों ने बताया कि कथा का वाचन दोपहर 1 से 4 बजे तक होगा। पहले दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी। आगामी 24 नवंबर को भारद्वाज संवाद, सती प्रसंग, नारद मोह, 25 को राम जन्मोत्सव, बाल लीला, 26 को धनुष यज्ञ, राम विवाह उत्सव होगा। आगामी 27 नवंबर को राम वनवास, केंवट प्रसंग, भरत चरित्र, 28 को शबरी प्रसंग, हनुमान चरित्र की कथा के पश्चात शनिवार को श्रीराम का राज्याभिषेक तथा कथा विश्राम होगा।

### कैडेटों ने किया कॉलेज में सफाई



**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एकेधमगाये के निर्देशन एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर, खेल मैदान से ऑडिटोरियम तक सफाई किया। एनसीसी दिवस के अवसर पर कैडेटों ने पुनित सागर अभियान के तहत तालाब के किनारे सफाई किया। महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में कैडेटों ने एकता और अनुशासन की शपथ लिया। कार्यक्रम में केयर टेकर गणेश नेताम, डॉ सीके साहू, प्रो. रेणुका ठाकुर सहित अन्य शामिल हुए।



### रामखिलावन वैष्णव का निधन

**अर्जुनी।** ग्राम के रामखिलावन वैष्णव का गत 19 नवंबर को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिजन, सामाजिक एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

## कार्रवाई से दहशत में धान कोचिया

# कई कोचियों का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। खरीदी शुरू होने के साथ मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र से अवैध धान भी आने लगा है। कोचियों की साजिश का विफल करने कलेक्टर के आदेश बाद अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव के मार्गदर्शन में फुड इंस्पेक्टर एवं मंडी सचिव की टीम कोचियों के कार्यवाही करते हुए धान जप्त कर रही है। जानकारी के अनुसार गत 20 नवंबर को नारायणगढ के हीरासिंग निषाद से 15 क्विंटल, तुलसी निषाद 15 क्विंटल, रामपुर के जेठु निषाद के पास से 12 क्विंटल, नागतराई के भूपेश वर्मा से 20 क्विंटल धान जप्त किया गया है। कार्यवाही में नायब तहसीलदार मेघा जैन, मंडी सचिव बसंत ठाकुर, ईश्वरी चंद्राकर, धर्मेंद देवांगन, पुर्णानंद भोई शामिल थे।

### मिंजाई के पहले धान बेचने का प्रयास

धान उपार्जन केन्द्र खुर्सीपार में सेम्हरा के कोचिया का धान बरामद हुआ है। कोचिया द्वारा धान की कटाई किए बिना ही ग्रीष्मकालीन फसल को खपाने का प्रयास किया जा रहा था जिसे अनुविभागीय अधिकारी ने जप्त किया है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी के संयुक्त दल ने 25 लाख 42 हजार कीमत का 820 क्विंटल धान जप्त किया गया। अब तक डोंगरगढ़ अनुविभाग में 30 लाख 41 हजार 100 रूपए कीमत का 981 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जप्त धान एवं वाहन को धान खरीदी अवधि के बाद ही मुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। अंतर्राज्यीय अवैध धान की आवक के रोकथाम हेतु बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी चेक पोस्ट स्थापित किया गया है।

### एमपी और महाराष्ट्र से आ रहा धान



### सहकारी कर्मियों की हड़ताल खत्म, किसान खुश

छुईखदान। सप्ताह भर से जारी सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने के बाद किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हड़ताल के कारण किसानों को धान बेचने और भुगतान आदि में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। धान खरीदी भी प्रभावित हो रही थी। हड़ताल समाप्त होने के साथ ही सोसायटियों का काम पहले जैसे प्रभावशील हो गया है। कर्मचारी ड्यूटी पर लौट आए हैं। उम्मीद की जा है कि अब धान खरीदी में गति आएगी तथा किसानों को धान का आसानी से भुगतान भी हो सकेगा। किसान नेताओं ने कर्मचारियों के राहतपूर्ण बताते हुए कहा कि अब खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक कार्य सुचारू रूप से होंगे।

# किराना दुकानों में बिक रहा राशन का चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ कालाबाजारी के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

पीडीएस चावल की कालाबाजारी बेरोकटोक चल रही है। राशन दुकानों से निकलकर चावल किराना दुकानों और गोदामों तक पहुंच रहा है। नगर सहित क्षेत्र की अधिकांश राशन दुकानों में यह खेल चल रहा है। विशेष बात यह है कि शिकायत के बाद भी खाद्य विभाग कार्रवाई को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

जानकारी के अनुसार राशन दुकानों के सेल्समैन हितग्राहियों से पूछते है कि चावल चाहिए या पैसा। पैसा मांगने पर 20 से 22 रुपए प्रति किलो की दर से पैसा दे दिया जाता है और पंजी में चांवल देना दर्ज कर लिया जाता है। खाद्य विभाग चावल की कालाबाजारी को रोकने में पूरी तरह असफल साबित हो रहा है।

### कालाबाजारी में दलाल सक्रिय

नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में संचालित पीडीएस दुकानों में चावल दलाल सक्रिय है जो मेटाडोर, ई रिक्शा में लोडिंग कर किराना दुकान तक चावल पहुंचाते है। मुनाफाखोरों के कारण गरीब परिवारों तक चावल नहीं पहुंच रहा है। चावल के कारोबार में कई दलाल शामिल हैं। पीडीएस चावल अवैध कारोबार की जानकारी खाद्य विभाग को है लेकिन कार्रवाई करने में विभाग रूचि नहीं दिखा रहा है।

### दुकानों में बिक रहा चावल

शहर सहित आसपास गांवों की कई किराना दुकानों में पीडीएस का चावल आसानी से मिल जाता है। जानकारी के अनुसार राशन दुकानों के आसपास सक्रिय दलाल हितग्राहियों से चांवल लेने के बाद थोक में किराना दुकान वालों को मुहैया कराते है जिसे अधिक कीमत पर गांव वालों को ही बेचा जाता है।

### खड़गांव में क्रिकेट स्पर्धा एक से

**खड़गांव।** ग्राम में आगामी एक दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में आसपास की क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया जा रहा है। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। ग्राम के लक्की गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियां की जा रही है। पहले चरण में मैदान समतल किया जा रहा है। तैयारी में लक्की गुप्ता, बाबा खान, तोरण लाटिया, शत्रु निषाद, देव ठाकुर, हबीब खान, सेंटी आदि जुटे हैं। आगामी एक दिसंबर को प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण पर कार्यशाला




**ठेलकाडीह।** संत गुरू घासीदास बाबा नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य एके श्रीवास्तव के निर्देशन में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता और सहायक प्राध्यापक डीके साहू ने बताया कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अनिवार्य प्रक्रिया है। इससे पहले 2003 में गहन पुनरीक्षण किया गया था। बीते 22 वर्षो में शहरीकरण एवं प्रवासन के कारण कई व्यक्ति विस्थापित हुए हैं, तो कई की मृत्यु हो चुकी है। कई मतदाता ऐसे हैं जिनकी नागरिकता पर संदेहस्पद है इसलिए गहन पुनरीक्षण किया जाना आवश्यक है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को एसआईआर फार्म भरने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। प्राध्यापक डॉ एलसी सिन्हा ने विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यशाला में प्राध्यापक विनय मसियारे, अतिथि व्याख्याता प्राची अम्बादे एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। संचालन अतिथि व्याख्याता हेमंत जांगड़े ने किया।


# गड़बड़ी का खुलासा पर कार्रवाई नहीं

■ अधिकारी पर कई गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मार्केटिंग सोसायटी के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा की गई गड़बड़ी का खुलासा ऑडिट में होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो सकी है। कहा जा रहा है कि पूरे मामले पर पर्दा डाला जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पिछले 3 साल से धान खरीदी केन्द्र के अलावा मार्केटिंग सोसायटी में प्रधिकृत अधिकारी मुख्यालय में निवास करने के बजाय बाहर से आना जाना कर रहे है। मार्केटिंग सोसायटीयों के कर्मचारी के साथ सांठगांठ कर राशन दुकानों से चांवल की काला बाजारी, सोसायटी भवन मरम्मत, समतलीकरण, धान शार्टेज में गडबडी के आरोप लगे हैं। ऑडिट में गडगडी का खुलासा होने पर मामले को दबाने के नाम पर दुकानदारों और समिति प्रबंधको से उगाही करने का आरोप लगता रहा है।



### अब हुए जांच के आदेश

जानकारी के अनुसार छिपा, मुढीपार में हुई गडबडी की पंजीयक, मुख्यमंत्री सचिवालय, जेआर ऑफिस दुर्ग, डीआर ऑफिस राजनांदगांव में शिकायत होने के बाद जांच के आदेश जारी हुए है। किसानों की माने तो उनकी शिकायत को नजर अंदाज करना आम बात हो गई है। वह मुख्यालय में रहना तो दूर किसी भी सोसायटी में झांकने तक भी नही जाते। फूड इंस्पेक्टर सिद्धांत मिश्रा ने चावल गडबडी के अलावा अन्य शिकायत मिलने की जानकारी दी है।वहीं अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव ने शिकायत मिलने पर जांच और कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# शिशु मंदिर के संगम कार्यक्रम में जुटी महिलाएं

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। अध्यक्षता नेहरू कालेज की प्राचार्य डा ईव्ही रेवती ने की। वक्ता डॉ. राजश्री वैद्य, वैशाली देशकर, त्रिवेणी मंडल, कौशल्या वर्मा, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, वृंदा वर्मा थी। अतिथियों ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया। विद्यालय की बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथि परिचय कौशल्या वर्मा ने दिया। प्रस्तावना का वाचन रेवती वर्मा ने किया। ज्योति शर्मा, चंद्रिका यादव, प्रिया दीदी आदि ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। वंशिका, खेविका, लता, मोनिका, मनस्वी आदि ने सावित्रीबाई फुले, लक्ष्मीबाई, भारत माता, आनंदी जोशी, तीजन बाई आदि का वेश धारण कर उनके सामाजिक, देशभक्ति कार्य, सामाजिक जागरण आदि को एकल अभिनय से प्रस्तुत किया। इस मौके पर अनन्या श्रीवास्तव, देवराज साहू, तुलेश देवांगन की माता का सम्मान किया गया। अनुभव कथन सोम जंघेल ने प्रस्तुत किया। राजश्री वैद्य ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टिकोण को समझाया। इसी क्रम में वैशाली देशकर ने संबोधित किया। संचालन त्रिवेणी मंडल, आभार प्रदर्शन झुंपा मंडल ने किया। इस दौरान रामकुमार वर्मा, रेवाराम मानिकपुरी, दीपक यादव, प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद आदि मौजूद थे।



# साल्हेवारा कॉलेज में विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा



रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा में जनजाति गौरव पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत भाषण, क्विज, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता एवं अन्य विविध क्रियाकलाप का आयोजन किया गया। अतिथियों ने जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। निजाम सिंह मंडावी ने जनजाति समाज के ऐतिहासिक महत्व को बताया। उन्होंने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला। सामाजिक कार्यकर्ता राम श्याम ने विभिन्न जनजाति के द्वारा समाज कल्याण एवं स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता का बखान किया। राकेश धुर्वे एवं अश्वन धुर्वे ने जनजाति त्यौहार के महत्व के बारे में बताया। अंतिम पडाव मे डॉ. अखिलेश कुमार ने जनजाति संस्कृति, प्रकृति संरक्षण एवं विभिन्न गुणों को जानने एवं जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर छात्रों द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक जनजाति संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्था प्रभारी नीतू डोंगरे, नोडल प्रभारी अरविंद भेड़यि, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं आदि शामिल हुए।

## कार्रवाई से पुलिस और आरटीओ अनभिज्ञ

# ई-चालान से वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा के अवंती चौक के समीप आरटीओ विभाग ने सीसीटीवी कैमरा लगाया है। कैमरा लगने पर क्षेत्र के लोग काफी राहत की सांस लिया था। कहा जा रहा था कि दुर्घटना कर भागने वाले वाहन की पहचान एवं अन्य गतिविधियों पर अंकुश लगेगा पर वाहन चालकों को यह पता नहीं था कि इस कैमरें से यातायात नियम का उल्लंघन करने पर ई चालान कटेगा। जानकारी अनुसार कैमरा लगने के तीन माह बाद इस कैमरा से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का ई चालान काटा जा रहा है। सप्ताहभर में दर्जनभर से अधिक दो पहिया वाहन चालक से उनका ई चालान काटने की जानकारी मिली है जिसमें ज्यादातर चालान बीमा नहीं होने पर कटने की जानकारी है। ई चालान शुरू होने से पहले वाहन चालक एवं ग्रामीणों को इस बात की कोई जानकारी नहीं मिली है। चालान कटने के कुछ दिन बाद वाहन चालकों की इसकी जानकारी हो रही है। चालान कटे वाहन के रजिस्टर नम्बर पर या वाटसाप पर मैसेज या सामान्य मैसेज आ रहा है। जो उनको बता रहा कि उनके वाहन का ई चालान काटा गया है। जिसके लिंक में चालान राशि जमा करने का विकल्प भी दिया गया है।



### नहीं हो रही पुष्टि

चालान काटे गये वाहन चालक के रजिस्टर मोबाईल नम्बर पर मैसेज भेजकर इसकी जानकारी दी जा रही है। पर यह चालान वैध है या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल रही है। थाना गंड़ई एवं यातायात विभाग को भी इसकी जानकारी नहीं है कि नर्मदा में ई चालान की प्रक्रिया शुरू हो गई है।बहुत से वाहन चालक को तो इस बात की जानकारी नहीं है कि उनके वाहन का चालान काटा जा चुका है। किसी वाहन चालक को सप्ताह भर बाद मैसेज देखने पर जानकारी मिल रही है।

### चालान की राशि दो हजार से अधिक

अब तक मिली जानकारी अनुसार चालान कटे वाहनों में बीमा अवधि पूर्ण हो चुका है। या बीमा नहीं है उसी वाहन चालकों के पास यह मैसेज आया है। नर्मदा ग्रामीण इलाका है जो राजनांदगांव कवर्धा तथा साल्हेवारा के मध्य का तिराहा है। क्षेत्र में लगभग साठ फिसदी छोटे बड़े ऐसे वाहन है। जिनका बीमा पर वाहन चालक दिलचस्पी नहीं देते है। ऐसे में इस कैमरा से गुजरने वाले अधिकत्तर वाहनों का चालान कटने की संभावना है। दो पहिया वाहनों पर 2 हजार 3 तीन सौ रूपये तथा बड़े वाहनों पर 6 हजार से अधिक का चालन कटने की जानकारी मिली है।

# जंघेल शामिल हुए एकल प्रदर्शनी में



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नवागांव निवासी इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र द्वारा निर्मित पेंटिंग्स का एकल प्रदर्शनी का आयोजन भिलाई के नेहरू आर्ट गैलरी शिविक सेंटर मे बीते दिवस किया गया था।

खैरागढ़ पूर्व विधायक कोमल जंघेल श्री वर्मा की चित्रकला को देखने पहुंचे। चित्रकला अद्भुत और प्रशंसनीय है।

उन्होंने हुकुम वर्मा के पेंटिंग्स को बहुत प्रशंसा किया। श्री वर्मा केसीजी जिले के कट्टाहा नवागांव के निवासी है। वह होनहार चित्रकार है। वह राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके है। श्री जंघेल ने उनकी बेहतरीन कला की प्रशंसा कर बधाई दिया।

### कला बनी पहचान

अमूर्त अभिव्यंजनावादी कलाकार हुकुम लाल वर्मा का जन्म छत्तीसगढ़ के कट्टहा नवागांव में सन 1970 में हुआ। मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स की पढ़ाई इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में सन 1997 में हुआ। पिछले लगभग 30 वर्षो से कला क्षेत्र में सक्रिय हुकुम की एकल प्रदर्शनी जिसमें श्री धारणी गैलरी दिल्ली, जहांगीर आर्ट गैलरी मुंबई , भारत भवन भोपाल, एम. ई. सी. आर्ट गैलरी नई दिल्ली, आदि जगहों पर किया व लगभग 40-50 समूह प्रदर्शनी में भागीदारी रही। अनेक कला शिविरों में भागीदारी रही। कई राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में उनकी कलाकृतियों का चयन हुआ। प्रमुख पुरस्कारों में सातवां भारत भवन द्विवार्षिकीय पुरस्कार, सीनियर और जूनियर फैलोशिप भारत से प्राप्त कर चुके हैं।

## समाचार संक्षेप



**राजनांदगांव।** स्टेट बार काउंसिल के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत तिवारी के शानदार जीत पर न्यायालय परिसर में अधिवक्ता साथियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### आयोग अध्यक्ष निषाद 28 को लेंगे बैठक

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद 28 नवंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में अन्य पिछड़े वर्गों के हितार्थ संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं अन्य पिछड़े वर्ग के क्रीमीलेयर निर्धारण के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की उपाध्यक्ष चन्द्रकांति वर्मा उपस्थित रहेंगी। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### 5 दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राजनांदगांव के यूजी विभाग द्वारा



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं क्षमता वृद्धि के उद्देश्य से 5 दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन 10 से 14 नवंबर तक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नई शैक्षणिक चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना, उनके व्यक्तित्व, कौशल एवं दक्षताओं को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धी परिस्थितियों के लिए सक्षम बनाना था। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेजेस दुर्ग की व्याख्याता डॉ. दिव्या पवार मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने सभी सत्रों में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते क्षमता निर्माण के विभिन्न पहलुओं जैसे संचार कौशल, आत्मविश्वास निर्माण, नेतृत्व गुण, समय प्रबंधन, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या-समाधान कौशल तथा करियर उन्नयन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान पांचो दिनों छात्रों के लिए प्रेरक व्याख्यानों के साथ-साथ समूह चर्चा, इंटरैक्टिव गतिविधियां, अभ्यास कार्य, चिंतन-मनन सत्र तथा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए गए। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "विद्यार्थी किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। यदि आप मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनी आदत बना लें, तो सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी।"

### दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में 14 और




15 नवंबर को जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 15 महाविद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें घुमका, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, गंडई, खैरागढ़, अंबागढ़ चौकी, मोहला, छुईखदान, बोड़ला, पीजी कॉलेज कवर्धा, गर्ल्स कॉलेज कवर्धा, शिवनाथ महाविद्यालय, बाजार अतरिया, दिग्विजय महाविद्यालय और कमला महिला महाविद्यालय शामिल रहे। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मणीभास्कर गुप्ता ने छात्राओं को खेलों में आगे बढ़ने और प्रदेश व देश का नाम रोशन करने प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयसिंग साहू ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। 100, 200, 400, 800, 1500 और 5000 मीटर दौड़ के साथ गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद और त्रिकूद की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। महिला और पुरुष वर्ग की 10 किमी और 20 किमी रेस संपन्न हुई। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में मेडल प्रदान कर किया गया।

### किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले के 80 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। राजनांदगांव जिले में 1.83 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की खेती की जाती है। जिसमें से धान का रकबा लगभग 1.73 लाख हेक्टेयर है। खरीफ में धान की कटाई के बाद काफी संख्या में कृषक पैरा को खेत में ही जलाकर रबी फसलों के लिए खेत की तैयारी कर बुआई करते हैं। हर वर्ष धान की फसल कटाई के बाद खेतों में बची पराली को जलाना एक आम प्रथा बन गई है। यह प्रक्रिया न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य और आने वाली फसलों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। पराली जलने से धुआं और धूल से सांस की बीमारियां, आंखों में जलन और हृदय रोग बढ़ाता है। पराली को कम्पोस्टिंग या बायो-डीकंपोजर के माध्यम से इसे जैविक खाद में बदल सकते हैं। पराली का उपयोग पशु के लिए चारा तथा बिछावन के रूप में उपयोग कर सकते हैं। कृषि विभाग ने स्वच्छ खेत, स्वस्थ किसान- यही हमारी पहचान का संदेश देते कहा कि किसान पराली जलाने बचें और आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल तरीकों को अपनाएं।

### शालाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय



राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-01 एवं 02 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करूणा रावटे के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की विभिन्न शालाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शा.मा.शाला गठुला, शा.प्रा.शाला गठुला, शा.उ.मा.शाला भेड़िकला, शा.उ.मा.शाला बोरी तथा महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता, सायबर सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा डिजिटल भारत जैसे समसामयिक विषयों पर जागरूक किया। डिजिटल साक्षरता के अंतर्गत विद्यार्थियों को मोबाइल, कम्प्यूटर और इंटरनेट के सुरक्षित व रचनात्मक उपयोग की जानकारी दी गई। जिससे वे तकनीक के माध्यम से शिक्षा और जानकारी तक पहुंच बना सके। साइबर सुरक्षा विषय में ऑनलाइन ठगी, पासवर्ड सुरक्षा, ओटीपी साझा न करने तथा सुरक्षित डिजिटल पहचान बनाए रखने के उपाय बताए गए। मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा के दौरान विद्यार्थियों को तनाव, पढ़ाई के दबाव और डिजिटल थकान जैसी समस्याओं से निपटने के सरल उपाय समझाए गए। सोशल मीडिया के दुरुपयोग विषय पर स्वयंसेवकों ने बताया कि गलत जानकारी, अफवाहें और अत्यधिक स्क्रीन टाइम कैसे युवाओं के व्यवहार और सोच को प्रभावित कर सकता है तथा इनसे बचने के तरीके सुझाए।

## बीएमओ ने सौंपी जांच रिपोर्ट, पुलिस कर रही जांच

# जन औषधि केंद्र को गेट के पास नि:शुल्क दवा काउंटर कर दिया बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

सोमनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही बेधड़क जारी है। डॉक्टरों के आने का यहां कोई समय ही नहीं है। अपनी मर्जी से हो डॉक्टर यहां आते है, चाहे मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़े। दूसरी ओर यहां मरीजों को मिलने वाली निःशुल्क ओपीडी दवा वितरण विंडो को अस्पताल के बाहर कर दिया गया है। वहीं लाइसेंसशुदा जन औषधि केंद्र को अस्पताल के अंदर विशेष रूप से सजाकर रखा गया है। जबकि जनऔषधि केंद्र निजी सप्लायर द्वारा संचालित है।

इसकी शिकायत के बाद बीएमओ ने अस्पताल परिसर और जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। हालांकि उनके आने से पहले ही कई प्रतिबंधित दवाइयों को जन औषधि केंद्र से हटवा दिया गया। बीएमओ का कहना है कि जांच के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दे दी गई है, उनके ही आदेश और अनुमति पर यह व्यवस्था संचालित हो रही है। ऐसे में मरीजों को मुफ्त दवा काउंटर के बारे में सही जानकारी न होने का फायदा निजी जन औषधि केन्द्र संचालक उठाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस में भी अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में छेड़छाड़ और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत कर्मचारियों ने की है।

### निजी केंद्र को मिल रहा लाभ

पड़ताल में सामने आया कि पुराने सरकारी दवा काउंटर की विंडो को बंद कर दिया गया है। जबकि नए ओपीडी काउंटर को बाहर संचालित किया जा रहा है। इससे अंदर स्थित निजी जन औषधि केन्द्र को लाभ मिलने की संभावना बढ़ गई है। मामले में डॉक्टरों की संचालक से मिलीभगत की जानकारी सामने आ रही है।



### शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं

नियमों के अनुसार जन औषधि केंद्र को अस्पताल भवन के बाहर या कैंपस में स्थापित करने का निर्देश है, लेकिन यहां मेडिकल अधिकारियों की मौन सहमति से इसे अंदर चलाया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और कई मरीज इस व्यवस्था पर पहले भी आपत्ति जता चुके हैं, मगर सुधार के बजाय मनमानी और बढ़ती दिख रही है।

### पहले भी सामने आ चुका मामला

अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। हाल ही में सीसीटीवी कैमरों पर टेप चिपकाने, पेन ड्राइव चोरी का मामला सामने आ चुका है। इससे पहले एलईडी टीवी चोरी और वायरिंग से छेड़खानी की शिकायत भी सामने आए हैं। बीते दिनों अस्पताल के कर्मचारी के खिलाफ अस्पताल परिसर में पाम्प्लेट चस्पा करने का मामला भी हुआ है। इन सबकी शिकायत सोमनी थाना में दर्ज की गई है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

सोमनी थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण नामदेव ने कहा कि शिकायत की जांच की जा रही है। अस्पताल स्टाफ का बयान लिया जाना है। जिसके बाद डॉक्टर से भी बयान लेंगे। मामला जांच में है। इधर अस्पताल के कैमरे में छेड़छाड़ और अस्पताल कर्मचारी के खिलाफ पोस्टर चस्पा करने जैसे मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन का कहना है कि जांच कराया गया है। सीसीटीवी कैमरे से छेड़छाड़ के मामले में अस्पताल कर्मियों ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है।

### पदाधिकारियों ने ली शपथ



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अनुशांगिक संगठन छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा डोंगरगांव में दीवाली मिलन व शपथ ग्रहण सहित साहित्यक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने दीपावली पर्व सहित समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डोंगरगांव नपा अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी, कवि शशिकांत द्विवेदी, रंगकर्मी राकेश तिवारी समेत अमित खंडेलवाल, विवेक वासनिक, विजय मिश्रा, आत्माराम कोशा ने भी सभा को संबोधित कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शारदा तिवारी, डॉ. प्रियंक ठाकुर, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, हरिश गांधी, डिकेश साहू, डॉ. इकबाल खान, जितेंद्र पटेल, डॉ. आलोक आकाश, डॉ. माधवी गणवीर, हर्षा देवांगन, आनंदराम सार्वा, करिश्मा श्रीवास्तव, सुकलाल बिसौहा, बालमकुंद, प्रेमलाल साव, मोहन साहू, बिसराम साहू समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्ताशय की जानकारी समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

## निगम ने पकड़े 8 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण एवं शिकायत के आधार पर घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है।

इसी कड़ी में 20 नवंबर को महावीर चौक, नंदई कुआं चौक, महेश नगर समदा हास्पिटल के सामने, लखोली चौक आदि क्षेत्र से 8 घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ की गई। मवेशियों को रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है, जहां उन्हें गंज मंडी से लाए फल, सब्जी पौष्टिक आहार के रूप मे दिया जा रहा है।नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने घुमंतू मवेशियों को पकड़ने टीम गठित की है। गठित टीम चौक-चौराहो से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में महावीर चौक, नंदई कुआं चौक, महेश नगर समदा हास्पिटल के सामने, लखोली चौक आदि क्षेत्र से घुमंतू मवेशियों की धरपकड के तहत 8 घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है। इसके अलावा निदान 1100 में हुए शिकायत तथा अन्य शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकड़ा जाता है।

## सार्वजनिक शौचालयों में चला सफाई अभियान

**राजनांदगांव।** विश्व शौचालय दिवस पर 19 नवंबर को निगम सीमाक्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों में सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई तथा नागरिकों को शौचालय के अंदर सफाई रखने एवं शौचालय के आसपास साफ-सुथरा रखने समझाईस दी गई।

नगर निगम का स्वास्थ्य अमला विश्व शौचालय दिवस पर शहर के शौचालयों में सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई किए। शौचालय के केयर टेकर को शौचालय को साफ-सुथरा रखने तथा शौचालय में सभी आवश्यक सामग्री रखने समझाईस दिए। इसके अलावा जनजागरूकता के तहत



शौचालय उपयोग करने वालों तथा आसपास के लोगों को शौचालय एवं शौचालय के आसपास साफ-सुथरा रखने समझाईस दिए। उनसे कहा गया कि खुले में शौच न करें, शौच के लिए नियमित रूप से शौचालय का ही उपयोग करें। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने पुराना बस स्टैंड के शौचालय का निरीक्षण एवं इंदिरा सरोवर के पास स्थित शौचालय के मरम्मत कार्य का जायजा लिया। उन्होंने पुराना बस स्टैंड शौचालय में व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर केयर टेकर को साफ-सफाई, पानी की पर्याप्त उपलब्धता के अलावा सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इसी प्रकार इंदिरा सरोवर के पास स्थित शौचालय मरम्मत कार्य का जायजा लेकर संबंधित उप अभियंता को मरम्मत कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने कहा। उन्होंने कहा कि शौचालय मरम्मत कार्य की नियमित रूप से मानिटरिंग करें। जिससे निर्धारित समय तक मरम्मत होकर उपयोग हेतु तैयार हो जाए। उन्होंने विश्व शौचालय दिवस पर निगम सीमा क्षेत्र के सभी शौचालयों की विशेष साफ-सफाई कर प्रतिदिन साफ-सुथरा रखने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किए।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं. क्र. 1282 की 16 नवंबर को अम्बेडकर भवन डोंगरगांव में जोन की बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत श्री रामचंद्र महाराणा प्रताप के तैलचित्रों पर पूजा-अर्चना व जयघोष के साथ शुरू किया गया।



बैठक में नीरज सिंह क्षत्रिय, डॉ. जितेन्द्र सिंह, मधुबाला सिंह, आदर्श सिंह, प्रवेश सिंह, पवन सिंह, अमर सिंह, चन्द्रपाल सिंह विनोद, लोमश सिंह बैस, आरन सिंह, शेर सिंह, संतोष सिंह, रघुनंदन सिंह, किशोर सिंह, दानेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, पूरन सिंह, गणेश सिंह, सुखनंदन सिंह, पद्मिनी सिंह, शशि सिंह, सरोज सिंह, दुष्यंत सिंह, सौरभ सिंह, दीपक सिंह राजपूत, सुनिल सिंह, विष्णु सिंह, भूपेन्द्र सिंह, कमलेश्वर सिंह, शंकर सिंह, लालेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिखरवार, प्रमिला बनाफर, सुधा बनाफर, भोज ठाकुर, नीतू चौहन, मीरा ठाकुर, प्रकाश सिंह, बहल सिंह, राजेंद्र सिंह, रोहित विनोद, संजय सिंह, युगल आदि जोन के पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्य, युवा मंडल महिला मंडल उपस्थित थे। उक्त जानकारी केंद्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### बैठक में मुख्य विषय पर की गई चर्चा

बैठक की अध्यक्षता महासभा के कोषाध्यक्ष जोन प्रभारी नीरज सिंह क्षत्रिय द्वारा किया गया। वहीं डोंगरगांव उप समिति के पदाधिकारी द्वारा महासभा पदाधिकारी जोन प्रभारी एवं केन्द्रीय महिला सचिव, महासभा मीडिया प्रमुख का स्वागत-सम्मान किया। जोन की पहली बैठक में मुख्य विषय की चर्चा की गई। 62वां वार्षिक महाधिवेशन डोंगरगांव में होना है, उसकी पूरी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में कार्यक्रम तैयारी के लिए योजना रूपरेखा लिया जाएगा। आभार प्रदर्शन डोंगरगांव उप समिति अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह विनोद किया।

## अभिलाषा में शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** 14 नवंबर को बाल दिवस पर दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि के अंतर्गत आवासीय संस्था अभिलाषा का शैक्षिक एवं सामाजिक संवेदनश परिपूर्ण भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में सहानुभूति, संवेदना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना था। भ्रमण के दौरान विभाग के प्राध्यापकों तथा एमए के छात्रों ने दिव्यांग बच्चों की विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को निकट से देखकर उनके साहस, प्रतिभा और सीखने की लगन को महसूस किया। जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा।

कार्यक्रम में डॉ. अमिता बक्शी ने बच्चों को देश का भविष्य बताते



शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। इसी कड़ी में डॉ. राजकुमार बंजारे ने कहा कि दिव्यांगता कोई कमी नहीं, बल्कि चुनौती है, जिसे साहस और समर्थन के साथ सफलता में बदला जा सकता है। तत्पश्चात संजय सप्तर्षि द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आप सभी का जीवन बहुआयामी है। दीपक कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाते उन्हें बताया कि हमने यहां आकर आप लोगों से जीवन जीने का जज़्बा सीखा। उद्बोधन के पश्चात एमए के छात्रों द्वारा संस्था के बच्चों को उनके पढ़ाई में उपयोगी स्टेशनरी सामान का वितरण किया गया।

## अस्मिता एथलेटिक्स लीग में बालिकाओं ने दिखाया दम-खम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त आयोजन में अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025-26 का आयोजन बजरंगपुर नवागांव स्टेडियम में आयोजित हुआ। इसमें लगभग 300 बच्चों ने अपना दम-खम दिखाया। यह प्रतियोगिता 14 एवं 16 वर्ष की बालिकाओं के वर्ग का आयोजन का था। जिसमें टैलेंट सर्च का प्रोग्राम था।

प्रतियोगिता में 60 व 600 मीटर की दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, बैक थ्रो, किड जैवलिन एवं शॉट पुट का आयोजन होना था। इन्हीं आयोजनों के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाना था। 16 एवं 14 वर्ष की बालिकाओं ने इन खेल के माध्यम से अपना दम दिखाया।

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, पार्षद सावन वर्मा, पार्षद कमलेश बंदे, पार्षद मनोहर यादव, छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी समेत विवेक शुक्ला, अनिल गौतम, मदन यादव, सतीश ब्यौहरे उपस्थित होकर विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रोंज मेडल दिया। साथ ही भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र भी दिया।

बुधवार को हुए खेल में 14 वर्ष बालिका वर्ग में 60 मी. दौड़ में प्रथम पूजा साहू, द्वितीय अनन्या यादव एवं तीसरा स्थान साक्षी साहू, लंबी कूद में करीना पाल प्रथम, सीमा चंद्रवंशी द्वितीय व चांदनी साहू तृतीय, ऊंची कूद में प्रथम करीना पाल, सीमा चंद्रवंशी एवं साक्षी, बैक थ्रो में रश्मि गोस्वामी, पूजा साहू, शबनम साहू क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान रही।

600 मीटर की दौड़ में काजल निषाद, राधिका व हेतल साहू क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। किड जैवलिन थ्रो में वेदिका निषाद, राधिका एवं दिव्यानी साहू प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रही।

### 7 मीटर दौड़ में चेतन अव्वल

इसी प्रकार 16 वर्ष बालिका में 60 मीटर की दौड़ में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चेतन जघेल, देवीका देवांगन, लक्ष्मी कंवर, 600 मी में चेतन जंगल, भूमिका निषाद व लक्ष्मी कंवर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। हाई जंप में पल्लवी, चेस्ट जंगल, मोनिका साहू क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रही। लंबी कूद में संजना वर्मा, लक्ष्मी कमर व मोनिका साहू क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। जबकि चक्र फेंक में जानवी, राधा एवं पल्लवी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। गोला फेंक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली प्रतिभागी जानवी, कीर्ति एवं अर्पिता सिंह। जबकि भाला फेंक में प्रेरणा चौहान, योगिता एवं अर्पिता ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को क्रमशः स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रणविजय प्रताप सिंह ने किया।

## एनपीपीएस बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक और एनएफएस का वार्षिक खेल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक ब्रांच एवं नीरज फाउंडेशन स्कूल द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 19 नवंबर को क्लास 1 से 8 तक व 20 नवंबर को प्री-प्रायमरी नर्सरी से केजी-2 के बच्चों के लिए आयोजित किया गया।

इस आयोजन में बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा शपथ लिया गया एवं मार्चपास्ट आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। साथ ही मार्शल टार्च पश्चात विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम छग कराते संघ के अध्यक्ष मुरली सिंह भारद्वाज एवं द्वितीय दिवस शा.कमला कॉलेज की खेल अधिकारी डॉ. नीता नायर शामिल थी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिवस स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा शपथ ली गई। तद्उपरांत बच्चों द्वारा मनमोहक मार्चपास्ट किया गया।



श्री बाजपेयी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने जीवन में खेल प्रतियोगिताओं का भी एक महत्वपूर्ण स्थान रखना चाहिए। प्रतियोगिता में कक्षावार विद्यार्थियों को अलग-अलग समुहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। साथ ही पालकों को भी इस खेल प्रतियोगिता में शामिल किया गया। प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र-छात्राओं एवं पालकों को आमंत्रित कर निर्णायक मंडल द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र दिया गया।

क्लास 1 से 8 तक मुख्य मार्गदर्शक एनपीपीएस प्राचार्य आरती पिल्लई एवं नर्सरी से केजी-2 तक मुख्य मार्गदर्शक एनपीपीएस बल्देवबाग की एचएम वैशाली सिंग, एनपीपीएस जयस्तंभ चौक की एचएम स्नेहा तिवारी, नीरज फाउंडेशन स्कूल की एचएम मधुजा माहेश्वरी एवं प्रशासक मनीन्दर सिंग ढल्ला ने महति भूमिका निभाई। उक्त सभी खेल प्रतियोगिताओं का संचालन एनपीपीएस के खेल शिक्षक दुर्गेश साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, रेणु बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, एकता गांधी सहित शिक्षकगण एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। शाला डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार जताया। उक्त जानकारी शाला प्रशासक द्वारा दी गई।

## सार समाचार



### गुरू तेग बहादुर की शहीदी दिवस पर निकली बाइक रैली

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी शहादत देने वाले सिख धर्म के गुरू तेग बहादुर की 350वीं शहादत दिवस के अवसर पर शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। गुरू तेग बहादुर की 350वीं शहीदी दिवस पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरू दी संगत वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला-पुरूष शामिल हुए। गुरू भजन और धार्मिक ध्वज के साथ निकली यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। गुरू दी संगत वेलफेयर सोसाइटी के रणदीप सिंह भाटिया ने बताया कि गुरू तेग बहादुर ने हिंदुओं की रक्षा के लिए शहादत दी थी। इसी त्याग भावना को समर्पित रैली के माध्यम से शांति एकता का संदेश दिया जा रहा है।

### चिखली में आज मानस गोष्ठी

**राजनांदगांव।** कैलाश धाम चिखली राजनांदगांव में कल 23 नवंबर को श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनांदगांव एवं श्री श्रद्धा सुमन महिला मानस परिवार चिखली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मानस गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मानस वक्ता के रूप में भगवती प्रसाद तिवारी, लल्लूराम वर्मा, चिंताहरण पटेल, भागवत सिंह, सुभाष गोस्वामी एवं अश्वनी देशमुख होंगे। संगीत पक्ष में नंदकिशोर साव, तोरण साहू, दिनेश साहू, वासुदेव साहू, हेमंत निषाद, पुरषोत्तम मानिकपुरी, निश्चय यादव एवं एकलव्य साहू होंगे।

### बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूल टाइम बदलने ज्ञापन

**राजनांदगांव।** बढ़ती ठंड को देखते हुए सुबह की पाली में लगने वाले स्कूल का समय बदलाव करने एनएसयूआई ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल को एक ज्ञापन सौंपकर स्कूलों की टाइमिंग बदलने मांग की है। एनएसयूआई जिला महासचिव राजा यादव ने बताया कि जिले में कुछ दिनों से ठंड बढ़ गई है। सुबह के तापमान में गिरावट को देखते हुए स्कूल का टाइम बदलने मांग की गई है। उन्होंने कहा कि सुबह 7 से 8 बजे के बीच ठंड का समय अधिक रहता है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर ने कहा कि शिक्षा विभाग को जल्द से जल्द स्थिति को देखकर समय बदलने संबंधी आदेश जारी करना चाहिए। जिससे बच्चों के साथ-साथ अभिभावक को भी राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान निर्मलकर, प्रदीप साहू, गीतेश, भूपेश सहारे, संजय सिन्हा, धनंजय बंजारे, कुलदीप साहू आदि मौजूद रहे।



## शानदार प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव का समापन, महामहिम हुए शामिल

# कला वह शक्ति है जो मनुष्य में विचार, संवेदना जागृत करती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लगातार तीन दिनों तक चले खैरागढ़ महोत्सव का समापन महामहिम राज्यपाल व कुलाधिपति रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पूरा समारोह पूरी गरिमा उत्साह और सांस्कृतिक आत्मीयता से ओत प्रोत तीन दिनी समारोह के समापन समारोह का प्रारंभ राष्ट्रगान व राज्यगीत की प्रस्तुति बाद मां सरस्वती की प्रतिमा और राजकुमारी इंदिरा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया।

विवि के कुलगीत की प्रस्तुति बाद राज्यपाल ने गोद ग्राम सोनपुरी के थीम सॉन्ग का विमोचन किया। मुख्य अतिथि राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति जितनी प्राचीन है उतनी ही हमारी कला परंपरा है। कला केवल मनोरंजन नहीं है बल्कि वह मनुष्य को संवेदनशील बनाती है। कला वह शक्ति है जो मनुष्य में विचार, संवेदना, करुणा और मर्मता जागृत करती है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति रामायण काल से भी प्राचीन है। बस्तर का दशहरा विश्व में सर्वाधिक दिनों तक चलने वाला दशहरा है, यहां रामायणी साहित्य का प्रदर्शन अतुलनीय है। खैरागढ़ का नाम पूरे देश में कला तीर्थ के रूप में जाना जाता है। यह स्थान देश के महान साहित्यकार डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की जन्मभूमि होने के साथ ही उनकी प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र भी रहा है। महोत्सव आयोजन को लेकर कहा कि इससे नई पीढ़ी में कला के प्रति प्रेम और संरक्षण की प्रेरणा जागती है और कलाकारों को प्रतिभा प्रदर्शन के लिए मंच




### आकर्षण का केंद्र रहा विदुषी शमा भाटे का कथक

पुणे की कथक नृत्यांगना विदुषी शमा भाटे व उनके समूह की प्रस्तुति समापन समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र रही। रामायण के विभिन्न प्रसंगों यथा सीता स्वयंवर, केवट प्रसंग, सीता हरण, अशोक वाटिका, लंका दहन व युद्ध पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समारोह के अंतिम चरण में लोकगायिका कविता वासनिक एवं उनके दल ने लोकसंगीत अनुराग धारा की प्रस्तुति दी। इस दौरान परिसर मे लोकमाटी की खुशबू, भावनाओं की गर्माहट और अपनत्व का अनोखा संगम देखने मिला

### नृत्य संकाय की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

समापन तिथि को नृत्य संकाय के विद्यार्थियों ने कथक, भरतनाट्यम व ओडिसी नृत्य की सधी हुई प्रस्तुतियां दी। कथक नृत्य अंतर्गत तराना, भरतनाट्यम में शिवोहम व राग हिंडोलम और ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का अगला चरण संगीत प्रेमियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं था। कोलकाता से आए मशहूर सरोद वादक उस्ताद सिराज अली खान के सरोद की सुरीली तरंगों पर तबले की लयकारी के संगम ने दर्शकों को एक अलग ही आध्यात्मिक अनुभूति दिलाई। सरोद वादन के बाद बनारस घराने के पंडित संजू सहाय ने तबले डठान, बनारसी ठेका और झाले की शानदार प्रस्तुति दी।

### पूरे विश्व में मशहूर है संगीत विवि

कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि आयोजन से विद्यार्थियों व शोधार्थियों का ज्ञानवर्धन हुआ है। मंच पर प्रदर्शित शास्त्रीय, लोकसंगीत और साहित्यिक प्रस्तुतियां विवि के पाठ्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने विवि के बेहतर संचालन को लेकर रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान करने के साथ ही इसे केंद्रीय पटल पर ले जाने सहयोग मांगा। विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इन्दिरा कला संगीत विवि ऐसा विवि है जिसका पूरे विश्व में नाम है। संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, मनुष्य के मन, बुद्धि, शरीर व आत्मा को केवल संगीत से संतुष्टि मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कलाकारों के ड्रेसअप व स्टेप्स को बेहतर बनाए तो देश में ही नहीं बल्कि विश्व में कलाकार अपना नाम रोशन कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक यशोदा वर्मा ने कहा आज के दिन उन महान विभूतियों को याद करते हैं जिन्होंने संगीत कला विकास को लेकर अपना महल दान कर दिया। सात सुरों के इस संगम में केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश विदेश के कलाकार भी समाहित है। उन्होंने स्थानीय बच्चों को भी आगे बढने का मौका देने कहा। मंचीय कार्यक्रम से पहले राज्यपाल सहित अतिथियों ने आर्ट गैलरी और विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

## सात दिवसीय गीता जयंती मनाने का लिया निर्णय



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की ग्राम बोरी में आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में गीता जयंती को सात दिनों तक मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा बंधावीर वैरागी की जयंती मनाने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया और बताया कि कैसे सुदामा ने अपने मित्रों के संकट को स्वयं ग्रहण किया और भगवान कृष्ण को संकट से बचाया। अनिल नागवंशी ने भी अपनी बातें रखी और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

गीता जयंती कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं और कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। सतीश तिवारी, ज्ञानेश गुप्ता, डोमन दास वैष्णव, भोला वैष्णव, तुषार मिश्रा, भोला देवसर, मंदिर जलाराम, मंदिर गाथाला, भगवान मंदिर दिग्विजय कॉलेज, साइंस कॉलेज तथा जिला जेल में गीता जयंती 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर थानेश्वर प्रसाद मिश्रा, डोमनदास वैष्णव, तुषार मिश्रा, सतीश तिवारी, अनिल नागवंशी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# 5 प्रकरणों में साढ़े 6 लाख के 207 क्विंटल अवैध धान जब्त



- जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं।

राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा शनिवार को कुल 5 प्रकरणों में 6 लाख 41 हजार 700 रुपए मूल्य के 207 क्विंटल (518 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 35 प्रकरणों में 1 करोड़ 19 लाख 62 हजार 900 रुपए मूल्य के 3859 क्विंटल (9648 बोरा) अवैध धान एवं 2 वाहन जब्त किया गया है। राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 93 हजार रुपए मूल्य के 30 क्विंटल (75 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगढ़ अनुविभाग में 4 प्रकरण में 5 लाख 48 हजार 700 रुपए मूल्य के 177 क्विंटल (443 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 20 प्रकरणों में 74 लाख 36 हजार 900 रुपए मूल्य के 2399 क्विंटल (5998 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 11 प्रकरण में 36 लाख 39 हजार 400 रुपए मूल्य के 1174 क्विंटल (2935 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 4 प्रकरणों में 8 लाख 86 हजार 600 रुपए मूल्य के 286 क्विंटल (715 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया है। जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है।

# चिखली में काम्बिंग गश्त से असामाजिक तत्वों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में कई इलाकों में पुलिस ने आधाी रात काम्बिंग गश्त चलाया। इस दौरान महावीर चौक, गौरव पथ एवं यातायात पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर संदिग्ध वाहन, व्यक्ति, वस्तु की जांच और मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा पुलिस जवानों को ब्रीफ कर अलग-अलग तीन टीम बनाकर संबंधित क्षेत्र में रवाना किया गया। रात

10 से 1 बजे तक चले इस काम्बिंग गश्त के दौरान 3 राजपत्रित अधिकारी एएसपी राहुल देव शर्मा, सीएसपी पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी ऑप्स अम्ब्रोस कुजुर और 6 इंस्पेक्टर सहित कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, चिखली चौकी, तुमड़ीबोड एवं रक्षित केन्द्र के 50 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अभियान में शामिल रहे।



### जारी रहेगा अभियान

पुलिस के अनुसार विशेष काम्बिंग गश्त असामजिक तत्वों में कानून के प्रति भय और जनता का पुलिस के प्रति भरोसे में वृद्धि के लिए है, जो आगे नियमित रूप यह अभियान जारी रहेगा।

### संदिग्धों की जांच

इस दौरारन चिखली के बजरंगपुर, नवागांव, शंकरपुर, गौरीनगर एवं थाना बसंतपुर के राजीव नगर, देवारपारा में स्कूल मैदान, खेल मैदान, चौक-चौराहों आदि सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया। शहर के महावीर चौक, गौरव पथ में यातायात पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर संदिग्ध वाहन, व्यक्ति, वस्तु की जांच और मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई।

## नशामुक्ति अभियान के तहत मानव श्रृंखला

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि मानव श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को नशे से दूर रहने प्रेरित करना है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि नशा किसी भी विद्यार्थी का नहीं, बल्कि उसके सपनों का भविष्य छीनता है। जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है। इस अभियान में प्रीति इंदौरकर विभागाध्यक्ष एवं दिव्या श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र कौशल साहू, गरिमा निर्मलकर, प्रिया कुंजाम परमेश्वर साहू सहित छात्रगण उपस्थित रहे।



# गुरू तेज बहादुर की 350वीं जयंती पर विभिन्न आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सिख पंथ के नवें गुरू हिंद की चादर के नाम से विख्यात गुरू तेग बहादुर की शहादत के 350 साल पूरे हो रहे हैं। संपूर्ण देश में ही नहीं पूरे विश्व में उनकी शहादत को याद कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

डोंगरगढ़ सिख समाज द्वारा इस अवसर पर 24 नवंबर को शहीदी शताब्दी समागम पर नगर में एक जागरण यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें समाज के लोगों के अलावा विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुख, समाज प्रमुख, शिक्षाविद, पत्रकार व बुद्धिजीवी शामिल होंगे। यह जागरण यात्रा प्रातः 10.30 बजे गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा के सामने से निकाली जाएगी, जो रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार, जैन मंदिर मार्ग, भंडारी चाल, बुधवारी बाजार होते हुए वापस गुरुद्वारा जाकर समाप्त होगी। विभिन्न स्थानों पर नवें बादशाह गुरू तेग बहादुर के बारे में प्रमुख लोग अपने व्यक्तत्व भी रखेंगे।

इस आशय की जानकारी देते समाज के प्रधान परमजीत सिंह व सचिव सम्मी भाटिया ने बताया कि यह यात्रा सर्व समाज की यात्रा होगी। यात्रा के पश्चात स्वलपाहर का आयोजन भी होगा। इसके अलावा 25 नवंबर को गुरुद्वारा में कीर्तन के दीवान सजेंगे। पूरे छत्तीसगढ़ में गुरुवाणी के 3500 पाठ तथा स्थानीय गुरुद्वारा में 150वें पाठ की समाप्ति पर इस दिन गुरू का लंगर भी होगा। इसमें भी सर्व समाज आमंत्रित होगा।

ज्ञातव्य है कि दिल्ली के चांदनी चौक में नवें बादशाह गुरू तेग बहादुर ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी थी। उनकी शहादत संपूर्ण मानवता की धार्मिक स्वतंत्रता और सत्य के लिए थी। इन्होंने सदियों पहले एकता साहस और मानवता का संदेश दिया और हिंद की चादर के नाम से विख्यात हुए।

उनकी याद में वहां पर विशाल गुरुद्वारा भी है। यह समागम केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि गुरू साहिब की शिक्षा नीतियों और शहादत की भावना को आने वाली पीढियों तक पहुंचाने का प्रयास है।

# शराब कोचिया से 18 पौवा देशी मसाला जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब रखने के मामले में पुलिस ने कोचिया को पकड़कर 18 पौवा देशी मसाला शराब बरामद कर कार्रवाई की है। वहीं शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर अवैध शराब बिक्री एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।



### प्रतिबंधक धाराओं के तहत भी कार्रवाई

पुलिस के अनुसार निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत टीम गठित कर 21 नवंबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी योगेश ठाकुर 21 साल निवासी बांसपाईपारा को अवैध रूप से शराब रखते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 1800 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया।

### शराब पीने पैसे की मांग, पकड़ाए

एक अन्य मामले में प्रार्थी ने थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन दिया कि यह अपने साथियों के साथ गुरूद्वारा के पीछे गरम कपड़ा का दुकान लगाता है। 21 नवंबर के रात्रि 8 बजे वह अपने दुकान में गरम कपड़ा बेच रहा था, उसी समय राहुल निषाद और चितेश उपाध्याय निवासी जमातपारा ने शराब के नशे में आकर उसके साथ गाली-गुप्तार करने लगे और शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। प्रार्थी द्वारा पैसे देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर इसे व इसके छोटे भाई के साथ मारपीट किए हैं। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351 (2), 119(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किए। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं न्यायालय से आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जेल दाखिल किया गया।

**आवश्यकता है**

1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 4 पद
(डीसीए, पीजीडीए वाले युवक-युवतियों को प्राथमिकता)
2. मेकेनिक - 2 पद

सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.

**मे. पदमा गैस एजेंसी**
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

# जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी, एफआईआर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सहदेव नगर निवासी एक युवक द्वारा लंबे समय से लोगों को जमीन दिखाकर उनके साथ धोखाधड़ी की जा रही है। इस मामले को लेकर धोखाधड़ी का शिकार हुए कुछ लोग आज मामले की शिकायत करने एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

एसपी कार्यालय पहुंचे नोमेश वर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 में सहदेव नगर निवासी सईद खान ने लखोली बायपास के समीप उन्हें लगभग 5000 स्क्वायर फीट का एक प्लॉट दिखाकर एग्रीमेंट किया और 6 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद उसने जमीन की रजिस्ट्री कराने टालमटोल की, तब पैसा वापस मांगने पर पैसा भी नहीं दिया। वहीं एक अन्य शिकायतकर्ता निरंकार पलाई ने बताया कि सईद खान ने उनसे भी 1000 स्क्वायर फीट जमीन बिक्री के लिए ढाई लाख में सौदा किया था और 2 लाख 30 हजार रुपए चेक पर, फोन-पे के माध्यम से उसे दिया गया है। इसके बाद उसने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई और पैसा भी वापस नहीं किया है।



### कई बार हुई शिकायत

ठगी का शिकार हुए लोगों द्वारा थाना में शिकायत करने के बाद कई बार सईद खान को बुलाया गया और उसने थाना में रुपए वापस करने लिखकर भी दिया, लेकिन इसके बाद भी उसने किसी के रुपए वापस नहीं किए। इस मामले में एसपी अंकिता शर्मा से शिकायत करने के बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

### फर्जी जमीन दिखाकर ठगी

एसपी कार्यालय पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने कहा कि लगभग 8-10 लोगों के साथ सईद खान ने इसी तरह जमीन बिक्री के नाम पर ठगी की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि रुपए देने सहित एग्रीमेंट और अन्य दस्तावेज सभी के पास है। इसके बावजूद थाना में कई बार आवेदन किया गया, पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सईद खान द्वारा जिस जमीन को दिखाकर सौदा किया जाता रहा, वह जमीन भी उसकी नहीं है।

### एफआईआर दर्ज कर होगी कार्रवाई

जमीन दिखाकर धोखाधड़ी करने की शिकायत मिली है। मामले की तस्दीक करके एफआईआर कर कार्रवाई की जाएगी।

-अंकिता शर्मा, एसपी


**सर्वसुविधा जमीन (फार्महाउस) बिकाऊ है।**

- 31 एकड़ फार्म हाऊस बिकाऊ है। 50 लाख की बंगला 3 टिबेल ट्रासफार्मर राजमार्ग से 3 किलो. मी. की दूरी मेन रोड़ से लगा हुआ है। पीछे नदी सर्वसुविधायुक्त फार्महाउस कारखाना, फैक्ट्री, एवं विद्यालय, हॉस्पिटल, खेती एवं कृषि कार्य हेतु किमत मात्र 550000 लाख प्रति एकड़। ग्राम सिंघनपुरी तहसील नवागढ़ जिला-बेमेतरा।
- राजमार्ग से 1 कि. मी. मेन रोड़ से लगा हुआ 55 एकड़ फार्महाउस 50 लाख रू. का नवनिर्माण घर पीछे नदी 9 बोर, ट्रासफार्मर जमीन कि अंदर काटा तार से घिरा हुआ। सुज्जित फार्महाउस पता 75 लाख प्रति एकड़। अंधियारखोर, तहसील- नवागढ़, जिला-बेमेतरा।

जय महाकाल प्रापर्टी डिलिंग, पंडित चौक, कुण्डा रोड़, तालम सेतगंगा जिला- मुंगेली
मो.: 9238210014

निवेदनः- कृपया खरीददार व्यक्ति ही संपर्क करें। दलाल संपर्क ना करें। तुरंत रजिस्ट्री सामान्य ब्राम्हण

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

**रामेश्वरम् धाम यात्रा**

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति**

संपर्क करें:-7354 411411

**समस्या:** नागमोरी में दो भारी वाहनों के खराब होने से लगा जाम

# चिल्फी घाटी में लगा लंबा जाम रातभर जंगल में फंसे रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/चिल्फीघाटी

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में शुक्रवार की देररात एक बार फिर चक्काजाम की गंभीर स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि यहां नागमोरी घाट के पास एक ट्रक और ट्रेलर वाहन के खराब हो जाने के कारण मार्ग वन-वे हो गया है। जिससे अवागमन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और मार्ग के दोनों और मालवाहक के साथ यात्री वाहनो की लम्बी कतारे लग गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले नेशनल हाईवे 30 में जाम लगने के बाद रात में ही इसकी सूचना चिल्फी पुलिस को दी गई। लेकिन मार्ग में वाहनो की लम्बी कतार होने के कारण पुलिस प्रशासन को भी मौके पर पहुंचने में घंटो लग गई। जिसके कारण जाम की स्थिति शनिवार को भी बनी रही। लोगों की माने तो पुलिस प्रशासन शनिवार की सुबह से जाम खुलवाने के लिए मसक्कत करता रहा लेकिन करीब 18 किलो मीटर लम्बा जाम अब तक नहीं खुल पाया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में जाम लगना आम बात हो चुकी है। आलम ये है कि सड़क मार्ग संकरा होने घाटी में कई घुमावदार मोड़ होने की वजह से आए दिन किसी ना किसी कारण से जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण यात्री बस, सब्जी-फल या जरुरी समान ट्रांसपोर्ट करने वाले माल वाहक संचालकों को खासी परेशानियों का सामने करना पड़ता है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात से लगे इस जाम में इन दिनो वंनाचल क्षेत्र चिल्फी में पड़ रही कड़ाके की ठंड में यात्री वाहन सवारों को भुगतनी पड़ी वे पूरी रात बीच जंगल में ठंड के बीच कांपते रहे।



**जाम खुलवाने मसक्कत**

चिल्फीघाटी के नागमोरी में शुक्रवार की रात जाम की सूचना मिलने के बाद चिल्फी पुलिस बीते कई घंटों से जाम को खुलवाने मसक्त कर रही है लेकिन नागमोरी में दो भारी वाहनो के खराब होकर बंद पड़ जाने के कारण पुलिस प्रशासन को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक करीब 18 किलो मीटर लम्बे जाम के कारण मौके पर पहुंचना भी मुस्किल हो रहा है।

# रेंगाखार जंगल छात्रावास में छात्राओं की अचानक बिगड़ी तबीयत

## इलाज के अभाव में झाड़फूंक का लेना पड़ा सहारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

जिले के आदिवासी वनांचल क्षेत्र रेंगाखार में संचालित शासकीय बालिका छात्रावास की तीन छात्राएं स्कूल संचालन के दौरान ही अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। इस घटना के बाद बालिका छात्रावास में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

छात्रावास अधीक्षिका और स्टाफ तत्काल इन बीमार छात्राओं को रेंगाखार सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन बताया जाता है कि सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों की खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था के चलते इन बीमार बच्चियों को फौरी तौर पर रेंगाखार सरकारी अस्पताल में चिकित्सक तथा पर्याप्त स्टाप की गैर मौजूदगी के चलते उपचार नहीं मिल पाया। इस स्थिति में अस्पताल परिसर में एक और चौंकाने वाली तस्वीर देखने को मिली। छात्रावास की एक शिक्षिका ने अस्पताल के अंदर ही बैगा को बुलाकर झाड़-फूंक और टोटका शुरू करवा दिया। अस्पताल में मौजूद कुछ लोगों ने सब देखकर आपत्ति भी जताई और शिक्षिका पर अस्पताल में ईलाज की बजाय अंधविश्वास को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

इस पर शिक्षिका ने जवाब दिया दोनों जरूरी हैं। लोगों का कहना है कि छात्रावास का स्टाफ बच्चियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गंभीर नहीं है, और अस्पताल की बदइंतजामी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। यहां बताना लाजिमी होगा की पूरा रेंगाखार क्षेत्र बैगा आदिवासी बाहुल्य ईलाका है जहां पहले से स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी गंभीर समस्या रही है। डॉक्टरों की अनुपस्थिति, दवाइयों व स्टाफ की कमी का खामियाजा अक्सर ग्रामीणों और छात्रावासों में पढ़ने वाले बच्चों को उठाना पड़ता है। घटना के बाद ग्रामीणों ने छात्रावास तथा अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है और इस लापरवाही की जिम्मेदारी तय करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

**खबर संक्षेप**



### बोड़ला में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बोड़ला।** नगर पंचायत बोड़ला में शनिवार को इंद्रप्रस्थ क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल उपस्थित थे। वहीं अध्यक्षता विदेशी राम धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में मोहन धुर्वे, नरेश चंद्रवंशी, गौतम गुप्ता अध्यक्ष व्यापारी संघ कैट इकाई बोड़ला, संदीप गुप्ता, सोमनाथ धुर्वे, ओमप्रकाश शर्मा, संतराम वर्मा, यश धुर्वे, नंदराज उइके, सुनील चंद्रवंशी शामिल रहे अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का औपचारिक आगाज किया।

### युकां प्रदेश सचिव ने एसआईआर फार्म भरवाए



**कवर्धा।** प्रदेश में संचालित एसआईआर अभियान के अंतर्गत युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने शुक्रवार को नगर पालिका कवर्धा के वार्ड क्रमांक 07 एवं वार्ड क्रमांक 08 में पहुंचकर वार्डवासियों के फार्म भरवाने में सहयोग प्रदान किया। जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए कार्यरत है ।

# स्वच्छता, यातायात एवं अतिक्रमण मुक्ति के लिए नपा की बैठक

## नपाध्यक्ष ने व्यापारियों से की सहयोग की अपील



- नियमों का उल्लंघन करने वाले पर सख्त कार्यवाही प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नालियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा सड़कों से अतिक्रमण हटाए जाने के साथ-साथ हाईटेक बस स्टैंड में शिफ्टिंग की कार्यवाही को लेकर नगर पालिका परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि कवर्धा नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाने में आप सब से सहयोग की अपेक्षा है उन्होंनें व्यापारियो से अनुरोध किया कि कवर्धा शहर को अतिक्रमणमुक्त रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, जिसके लिए प्रशासन और व्यापारियों के संयुक्त प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा नगर के विकास और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए सभी से सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस बैठक में राजस्व एवं बाजार समिति के सभापति अजय ठाकुर, पार्षद योगेश चंद्रवंशी, संजीव कुर्रे, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दिनेश जैन, आकाश आहूजा, राकेश दोषी, गौतम लुनिया, अनिल दानी, राजेश गुप्ता, अजय लुनिया, सूचित बोथरा, बल्लूराम सिंह, प्रफुल्ल जैन, अमित शर्मा, संजय गुप्ता, सूर्य प्रकाश केशरी, नरेन्द्र सिंह बग्गा, वैभव नाहटा सहित अधिक संख्या मे व्यापारीगण उपस्थित थे।

### कई विषयों पर की गई चर्चा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बैठक में अतिक्रमण मुक्त शहर व सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की। उन्होनें बताया कि शीतला मंदिर से लेकर ऋषभ देव चौक, ऋषभ देव चौक से लेकर महावीर स्वामी चौक होते गुरूनानक चौक एवं गुरूनानक चौक से लेकर रायपुर नाका चौक तथा गुरूतेगबहादुर चौक मेन मार्केट से होते हुए लोहारा मार्ग विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे मार्केट में लोगों का आवाजाही अधिक रहता है चूंकि उक्त मार्गो में व्यापारियों द्वारा सड़को पर सामान रख दिया जाता है जिसके कारण मार्केट मे आने वाले व्यक्तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसके चलते यातायात व्यवस्था भी ठप्प हो जाता है उन्होनें सभी उपस्थित व्यापारियों से अपील किया गया कि दुकान के बाहर सामान ना रखे ताकि लोगों को परेशानी उठाना ना पड़े। सभी व्यापारियों ने पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### शुरू होगी हाईटेक बस स्टैण्ड शिफ्टिंग की प्रक्रिया

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगरवासियों का 8 वर्ष का लंबा इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है क्योंकि पुराना बस स्टैण्ड अब नए हाईटेक बस स्टैण्ड में स्थानांतरित किये जाने की तैयार की जा रही है। उन्होनें बताया कि घोठिया रोड सड़क मार्ग का कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही सभी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नालियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने, सड़कों से अतिक्रमण हटाने तथा हाईटेक बस स्टैंड में शिफ्टिंग की प्रक्रिया को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से चर्चा की।

# शुक्रवार की रात बोड़ला के जंगल में लौटे हाथी ग्रामीणों ने खदेड़ा, क्षेत्र में फिर दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सीमा में दाखिल होकर फेन अभ्यारण पहुंचा चार सदस्यीय जंगली हाथियों का दल बीते शुक्रवार की रात बोड़ला विकासखण्ड के जंगलों से होते हुए वापस लौटने की जुगत में था। बताया जाता है कि हाथियों का दल बोड़ला के धनवाही और चेंदरादादर तक पहुंच चुका था लेकिन ग्रामीणों द्वारा हकाले जाने के बाद वह पास लौट गया। खबर यह भी है कि इस दौरान ग्राम धनवाही में हाथियों ने किसी ग्रामीण के घर को भी नुकसान पहुंचाया है। इन हाथियों के दल की वापसी के साथ ही सीमावर्ती ग्रामो में एक बार फिर दहशत का माहौल है हालांकि ग्रामीण और वन विभाग की टीम हाथियों की चहलकदमी पर नजर रखे हुए है।



# भोरमदेव शक्कर कारखाना में रियायती दर पर शक्कर वितरण 29 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित राम्हेपुर कवर्धा में अंशधारी सदस्यों रियायती दर पर शक्कर वितरण किया जा रहा है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा के पेराई सीजन 2025-26 के संचालन को दृष्टिगत रखते हुए समस्त अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्कर वितरण की अंतिम तिथि 29 नवंबर निर्धारित की गई है। कारखाना प्रबंधन समस्त अंशधारी सदस्यों से अपील करता है कि उक्त तिथि तक शक्कर का उठाव अनिवार्य रूप से कर लेवें। निर्धारित अवधि के बाद अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्कर का वितरण नहीं किया जावेगा। अंशधारी सदस्यों को रियायती दर 30 रूपए प्रति किलोग्राम की दर से प्रति शेयर 50 किलोग्राम शक्कर प्रदाय किया जा रहा है। अंशधारी सदस्यों को शक्कर प्राप्त करने के लिए शेयर प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, पिछले वर्ष 2024 में रियायती दर की मनी रसीद की छायाप्रति, अंशधारी सदस्य की आईडी प्रुफ के रूप में वोटर आईडीकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेन्स बैंक पास बुक इत्यादि, अंशधारी सदस्य के अधिकृत सदस्य को भेजने की स्थिति में अधिकृत करने संबंधी आवेदन एवं अधिकृत सदस्य का आधार कार्ड, रियायती दर पर 30 रूपए प्रति किलो के मान से राशि जमा कर शक्कर प्राप्त करना होगा। रियायती दर पर शक्कर वितरण कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक (अवकाश दिवस) को छोड़कर किया जा रहा है।



# वीरगाथा के तहत छिरहा हाई स्कूल में कलात्मक अभिव्यक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल छिरहा में वीरगाथा कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पहल में विद्यार्थियों ने मंगल पाण्डे, रानी लक्ष्मीबाई, बिरसा मुंडा, भगत सिंह, और शिवजी महाराज जैसे महान वीरों के प्रेरणादायक चित्रों का सृजन किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में साहस, देशभक्ति और बलिदान की भावना विकसित करना है। यह आयोजन विद्यार्थियों को देश के नायकों के जीवन और उनके बलिदानों से परिचित कराता है, जिससे वे प्रेरणा ले सकें। इस पहल के माध्यम से छात्रों को नागरिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों को सीखने का अवसर मिला, जो राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। छात्रों ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।

**देहरादून उत्तराखंड में 28 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित**

# कवर्धा वनमंडल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, डीएफओ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

28 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता गत दिनो देहरादून उत्तराखंड में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों के लगभग 6495 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिनमें कवर्धा वनमंडल अंतर्गत 8 खिलाड़ियों का चयन किया गया। कवर्धा वनमंडल, जिला कबीरधाम सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित करते हुए इस प्रतियोगिता में श्रीमती मीना धुर्वे, उप वनक्षेत्रपाल ने पावर लिफ्टिंग एवं वेट लिफ्टिंग में 2 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक, सत्यजीत भट्ट, वनरक्षक ने लांग-हाई जम्प में 2 स्वर्ण एवं रिले में 1 रजत, सुश्री फुलन्ती भगत उप वनक्षेत्रपाल ने लांग जम्प में स्वर्ण पदक, युधिष्ठिर साहू वनरक्षक ने 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, 800 मीटर, 1500 मीटर एवं 25 किलो मीटर में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया तथा विजय चौधरी, वनपाल ने एथलेटिक्स में रिले में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार कवर्धा वनमंडल अंतर्गत खिलाड़ियों ने कुल 5 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य पदक तथा 4 चतुर्थ स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। वनमंडलाधिकारी कवर्धा निखिल अग्रवाल ने बताया कि श्रीमती मीना ध्रुवे, उप वनक्षेत्रपाल ने पावर लिफ्टिंग 69 किलो ग्राम वर्ग (वेटरन) में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक, पावर लिफ्टिंग 69 किलो ग्राम वर्ग (ओपन) में द्वितीय स्थान रजत पदक, वेट लिफ्टिंग 77 किलो ग्राम वर्ग (वेटरन) में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक तथा वेट लिफ्टिंग 77 किलो ग्राम वर्ग (ओपन) में द्वितीय स्थान रजत पदक प्राप्त किया। सत्यजीत भट्ट, वनरक्षक ने पुरुष ओपन लांग जम्प में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक, पुरुष ओपन हाई जम्प में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक एवं 100 मीटर रिले में द्वितीय स्थान रजत पदक प्राप्त किया। सुश्री फुलन्ती भगत, उप वनक्षेत्रपाल ने सीनियर वेटरन महिला लांग जम्प में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक प्राप्त किया। युधिष्ठिर साहू वनरक्षक ने पुरुष 5000 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान कांस्य पदक प्राप्त किया तथा अन्य स्पर्धाओं (800 मीटर, 1500 मीटर, 25 किलो मीटर) में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजय चौधरी, वनपाल ने एथलेटिक्स रिले स्पर्धा में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वनमंडलाधिकारी कवर्धा ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी तरह आगे भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।



# रानीदहरा के कुआं में मिला नवजात का शव, इलाके में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पर्यटन क्षेत्र रानीदहरा में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के पास स्थित एक कुएं में नवजात शिशु का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। यह घटना बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम रानीदहरा की है। ग्रामीणों ने जैसे ही कुएं में बच्चे का शव देखा, तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद नवजात के शव को कुएं से बाहर निकाला। शव निकलते ही पूरे क्षेत्र में सन्नाटा और आक्रोश का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि नवजात शिशु कौन था, उसकी पहचान क्या है और शव कुएं में कैसे पहुंचा। प्राथमिक तौर पर मामले को संदिग्ध मानते हुए बोड़ला पुलिस जांच शुरू कर दी गई है। बोड़ला थाना पुलिस का कहना है कि आसपास के गांवों में भी जानकारी जुटाई जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई स्पष्ट होगी।



# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

रायपुर से पहुंचे विशेषज्ञ, 39 मरीजों की हुई जांच

समय रहते पहचान से संभव है निदान

# कवर्धा में लगा कैंसर जांच शिविर उप मुख्यमंत्री शर्मा ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष निर्देश एवं उनके निरंतर स्वास्थ्य-केंद्रित प्रयासों के परिणामस्वरूप जिला अस्पताल कवर्धा में प्रत्येक माह कैंसर जांच शिविर का नियमित आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा जिले में गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए लगातार समीक्षा कर रहे हैं।

उनके मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिला अस्पताल परिसर में कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बालको के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर पांडे द्वारा विभिन्न प्रकार के कैंसर से संभावित मरीजों की जांच की गई। कुल 39 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 15 मरीजों के परिणाम पॉजिटिव मिले। डॉ. दिवाकर पांडे ने कहा कि कैंसर की शुरुआती अवस्था में पहचान और समय पर उपचार से मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने जागरूकता और नियमित जांच को बेहद आवश्यक बताया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र तुरे ने कहा कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर आयोजित ये शिविर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आगामी शिविरों में अवश्य शामिल हों और अपनी स्वास्थ्य जांच समय पर करवाएं।

## क्षेत्रवार आंकड़े व कैंसर के बचाव के उपाय



कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला 02, लोहारा 03, पंडरिया 06, कवर्धा 25, अन्य जिला 03 शिविर में 6 मरीजों की मैमोग्राफी एवं 5 महिलाओं के पेप स्मीयर टेस्ट किए गए। कुल जांच में 27 पुरुष तथा 12 महिलाएं शामिल रहीं। कैंसर से बचाव के उपाय तंबाकू, गुटखा और शराब का सेवन न करें, पौष्टिक एवं संतुलित आहार लें, नियमित व्यायाम और योग करें, तेज धूप से बचें तथा त्वचा की सुरक्षा करें, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराएं, परिवार में कैंसर का इतिहास हो तो अतिरिक्त सावधानी बरतें, कैंसर के संभावित लक्षण, शरीर में असामान्य गांठ या सूजन, किसी घाव/अल्सर का लंबे समय तक न भरना, लगातार खांसी, गले में खराश या आवाज बैठना, मल–मूत्र की आदतों में परिवर्तन, असामान्य रक्तस्राव, भूख न लगना या वजन का कम होना, अत्यधिक थकान या

# एक पौधा एक संरक्षक:अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियों का पर्यावरणीय सेवा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल, कवर्धा द्वारा दिनांक 21 नवम्बर 2025 को छात्रों के लिए आयोजित पर्यावरणीय सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम एक अद्वितीय प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रकृति-प्रेम, पर्यावरण जागरूकता और पौधों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरीतिमा टीम के साथ मिलकर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत हरीतिमा टीम द्वारा अपनी 8 वर्ष की हरित यात्रा साझा करने से हुई। उन्होंने बताया कि वे अब तक 12,000 से अधिक पेड़ लगा चुके हैं। केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित सिंचाई, खाद, सुरक्षा और देखभाल करना भी उनकी जम्मेदारी का हिस्सा है। उनका मुख्य उद्देश्य "हर दिल में हरियाली" को सभी तक पहुंचाना है। विद्यालय परिवार ने हरीतिमा टीम के समर्पित प्रयासों को न केवल सुना, बल्कि प्रेरणा स्वरूप आत्मसात भी किया। इस पर्यावरणीय सेवा पहल के अंतर्गत आयोजित विशेष प्लांटेशन कैम्प में विद्यार्थियों को पेड़ लगाने की विधि, पौधों की सुरक्षा के उपाय और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही कैम्प के दौरान हरीतिमा टीम ने छात्रों को बताया कि पौधों की रक्षा हेतु बाड़ लगाना, समय पर पानी देना, खाद डालना, तथा उचित प्रकाश और वातावरण उपलब्ध कराना कितना आवश्यक है और प्रत्येक पौधे को परिवार के सदस्य की तरह संजोने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य तोरण साहू ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "पेड़ पर्यावरण की शान ही नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत और अस्तित्व का आधार हैं।" साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि "जब से मैं कवर्धा आया हूँ, जहाँ भी नजर डालता हूँ, हरीतिमा के लगाए हुए पेड़ दिखाई देते हैं। यही हरियाली शहर की असली पहचान है।" ये शब्द सिर्फ प्रशंसा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जिम्मेदारी की पुकार हैं। तत्पश्चात अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही. शोभा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को पेड़ों के जीवनोपयोगी महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि एक पेड़ किस तरह हवा को शुद्ध करता है, तापमान संतुलित रखता है और पृथ्वी को जीवन प्रदान करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए यह संकल्प दिलाया कि हर बच्चा कम से कम एक पौधे का संरक्षक बने, उसकी नियमित देखभाल करे और विद्यालय परिसर तथा अपने घर के आसपास हरियाली बढ़ाने में योगदान दे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन महेश ठाकुर द्वारा अत्यंत सफल एवं अनुशासित रूप से किया गया। कार्यक्रम के अंत में संदीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ और हरीतिमा टीम का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### गुरुकुल ने विनम्रता के साथ दी दो लाख की सहायता राशि



**कवर्धा।** जिले की प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शाला गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदैव ही अपने सामाजिक सरकारों के लिए जागरूक रहा है। संस्था का एकमात्र ध्येय 'सर्वजन हिताय' है। इस ध्येय मंत्र को अंगीकार कर संस्था अपने दायित्व का पूर्ण निर्वहन करती आ रही है। संस्था के लिए यह अत्यंत शोक का क्षण है कि संस्था में कक्षा तीसरी-ब में अध्यनरत छात्र लेखराज सागर जीपीएस 4637 पिता जितेंद्र कुमार सागर, माता कविता पूर्णिमा सागर निवासी चीमागोंदी ब्लॉक कवर्धा जिला कबीरधाम का आकस्मिक दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया। परिवार के लिए यह क्षति अपूरणीय है तथापि विद्यालय ने अपनी ओर से शोक संतप्त परिवार को आरएस दो लाख रुपए की राशि सहायता स्वरूप दी है। यहां यह बताना लाजिमी है कि गुरुकुल शाला ने रॉयल सुंदरम डीसीबी बैंक कवर्धा के साथ ग्रुप एक्सीडेंट पॉलिसी अनुबंध किया है, जिसके अंतर्गत गुरुकुल शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राएं तथा कार्यरत समस्त कर्मचारी गण शैक्षणिक व शैक्षणिक दुर्घटना बीमा के अधीन है। किसी भी दुर्घटना में देहांत होने पर आरएस दो लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है। जिससे पीड़ित को आर्थिक संबल प्राप्त हो। शाला के अध्यक्ष तथा अन्य निदेशकगण ने कहा है कि वे समाज के प्रति अपने दायित्व को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

# मैनपुरी में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम मैनपुरी में शासकीय हाई स्कूल मैनपुरी प्रांगण में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 20 से 21 नवंबर तक चले इस कार्यक्रम में बच्चों में प्रतिभा एवं उत्साह देखने लायक रहा। खेल के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती इंदु पटेल ग्राम सरपंच चेतन धुर्वे, उप सरपंच नीलकंठ पटेल शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कौशल साहू एवं जनप्रतिनिधि राजेश गुप्ता आदि सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर खेल का आरंभ किया गया। संकुल प्राचार्य श्रीमती रीना सोनवानी, खेल शिक्षक अजय साहू निर्देशन में मैनपुरी, महाराटोला, सुहागपुर एवं बदराडीह के छात्र-छात्राओं ने विविध प्रतिस्पर्धा में भाग लिया जिसमें कबड्डी, खो-खो, विज्ञान मॉडल, चित्रकला, मेहंदी, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि। खेल एवं अन्य गतिविधियों से बच्चों में नेतृत्व क्षमता और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है और इसी उम्र में बच्चे सीखते हैं और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी करते हैं। कार्यक्रम में राजू मेश्राम के मच संचालन एवं विजय कुर्रे खेल निर्देशन तथा श्रीमती शशिकला गुप्ता, श्रीमती रीना गुप्ता, श्रीमती रानी शर्मा, श्रीमती प्रभा धुर्वे, महेश साहू, प्रकाशगिरी गोस्वामी, रोहित नाथ जोगी श्रीमती कीर्ति कौशिक, दुलेश्वर नाथ योगी, श्रीमती निधि श्रीवास्तव, श्रीमती निधि अग्रवाल, श्रीमती सविता, श्रीमती आभा भगत, श्रीमती प्रियंका तिवारी। आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में खेल संपन्न हुआ। खेल के समापन समारोह में विकास में शिक्षा अधिकारी संजय दुबे के द्वारा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए सभी छात्रों को खेल एवं अन्य गतिविधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया। समापन पश्चात ग्राम पंचायत मैनपुरी के द्वारा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार का वितरण किया गया। सभी छात्रों में उत्साह दिखा।

# सर्व यादव समाज शहर कार्यकारिणी की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सर्व यादव समाज के शहर कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को अंबेडकर चौक स्थित सामाजिक भवन में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित, सक्रिय और प्रगतिशील बनाने के लिए नई रणनीति तय करना रहा। बैठक में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, सामाजिक समस्याओं के समाधान, सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने पर चर्चा की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने माना कि लगातार गतिविधियां न होने से समाज की युवा पीढ़ी, सदस्य अपेक्षित रूप से सक्रिय नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे में मजबूत और सामूहिक पहल की जरूरत है। जिला अध्यक्ष राकेश यदु ने कहा कि वर्तमान में समाज की गतिविधियां केवल गोविंदा उत्सव तक सीमित हो गई हैं, जिससे संगठनात्मक ऊर्जा और सहभागिता प्रभावित होती है। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए वर्षभर गतिविधियां संचालित करने पर जोर दिया। जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समाज के जिम्मेदार और स्वयंसेवी सदस्यों को आगे आने की अपील की गई। हीरामणि ग्वाल ने सामाजिक भवन में प्रतिनिधि कार्यालय संचालित कर दूर-दराज से आने वाले समाजजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की पहल को भी महत्वपूर्ण बताया। बैठक में संजू यादव, भाऊद यादव, बंटी यादव, लक्ष्मण यादव, गौकरण यादव, मनोज यादव, संतोष एवं शिव यादव ने भी अपने विचार रखे। सभी ने समाज को संगठित, सक्षम और प्रेरक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। मार्गदर्शन व सहयोग समाज की प्राथमिकता बैठक में भवन के जीर्णोद्धार, आवश्यक संसाधनों के विस्तार और सामजिक संरचना को मजबूत करने संबंधी विषय भी शामिल रहे। सदस्यों ने बताया कि जिला मुख्यालय में कई बार ग्रामीण क्षेत्रों से समाजजन किसी आवश्यक कार्य से पहुंचते हैं, परंतु ठहरने या भोजन जैसी मूलभूत सुविधा न होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर कोषाध्यक्ष संतोष यादव पार्षद ने कहा कि सामाजिक भवन में रुकने और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही ऐसे युवा जो साधन अभाव के कारण शिक्षा से वंचित होते जा रहे हैं, उन्हें समय-समय पर मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करना भी समाज की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। इन सभी विषयों पर अंतिम निर्णय 29 नवंबर की बैठक में लिया जाएगा। राउत नाचा के आयोजन पर चर्चा सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राउत नाचा के आयोजन पर भी विस्तृत विमर्श किया गया। गोलू यादव और विक्की यादव ने बताया कि शहर में लंबे समय से राउत नाचा का आयोजन नहीं हो सका है, जबकि यह समाज की सांस्कृतिक धरोहर और पहचान है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में राउत नाचा का भव्य आयोजन नियमित रूप से किया जाना चाहिए। इसके लिए जिले सहित आसपास के क्षेत्रों की राउत नाचा मंडलियों को आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसकी रूपरेखा समाज के गणमान्य सदस्यों की राय लेकर आगामी बैठक में तय की जाएगी।

# खरीदी केंद्र में धान बेचने की तैयारी बोरे मे भर कर नापतौलकर कर रहे हैं : किसान



**हरिभूमि बरबसपुर ।** जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों के किसानों ने इन समय अपने उपज को बेचने के लिए धान खरीदी केंद्र की तैयारी कर रहे हैं ताकि बहुत ज्यादा धान खरीदी के केंद्र में अपने उपज को बेच सके बता दें कि 2025-26 में धान खरीदी प्रारंभ 15 नवंबर को हो चुके हैं 31 जनवरी 2026 तक चलेगा जिन किसानों की धान की फसल परिपक्व होकर तैयार हो चुकी है वह किसान धान की कटाई में जुटे हुए हैं और वही जो किसान धान की कटाई और मिजाई कर चुके हैं वह किसान धान को सुखाकर बोरे में भरकर इलेक्ट्रॉनिक कांटा बाट तराजू मे नापतौलकर तैयार कर रहे हैं जैसे ही टोकन मिलेगा तत्काल वैसे ही तुरंत धान खरीदी केंद्र में ले जाकर अपनी उपज को बहुत ज्यादा बेच सके यह सिलसिला बरबसपुर डबराभाट जमुनिया नेवारी सारंगपुर खुर्द जेवडन खुर्द घुकसा बांझीमहुआ रामहेपुर चंदनपुर सिंघनपुरी बीजाझोरी बिजई, दौजरी, नाऊडीह, गागचुवा और अन्य गांव में किसानों ने अपने उपज बेचने की संपूर्ण तथा पुरी तैयारी में जुटी हुई है और धान खरीदी केंद्र तक ले जाने का तैयारी कर रहे हैं कब धान बेचने का टोकन मिले इसका इंतजार कर रहे है।

# छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सभी स्कूली बच्चों को रतनपुर और कानन पेंडारी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जिसमें उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। यह भ्रमण बच्चों को कक्षा के बाहर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाना और उन्हें विषय वस्तु से जोड़ना है। इतिहास, विज्ञान, पर्यावरण या कला जैसे विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जैसे कि म्यूजियम, ऐतिहासिक स्थल या प्राकृतिक स्थान है बच्चों को नई चीजे सीखने का मौका मिला और कक्षा से बाहर गतिविधियों से उनके ज्ञान में वृद्धि हुई। भ्रमण के बाद, बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के साथ मिलकर शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षक प्रधान पाठक मुरली प्रसाद झारिया, विपिन शर्मा, संध्या बंजारा, रूद्राणी राजपूत सहित सभी शाला परिवार उपस्थित रहे।

सर्वसुविधा जमीन (फार्महाउस) बिकाऊ है।

- 31 एकड़ फार्म हाऊस बिकाऊ है। 50 लाख की बंगला 3 टिबेल ट्रासफार्मर राजमार्ग से 3 किलो. मी. की दूरी मेन रोड़ से लगा हुआ है। पीछे नदी सर्वसुविधायुक्त फार्महाउस कारखाना, फैक्ट्री, एवं विद्यालय, हॉस्पिटल, खेती एवं कृषि कार्य हेतु किमत मात्र 550000 लाख प्रति एकड़। ग्राम सिंघनपुरी तहसील नवागढ़ जिला-बेमेतरा।
- राजमार्ग से 1 कि. मी. मेन रोड़ से लगा हुआ 55 एकड़ फार्महाउस 50 लाख रू. का नवनिर्माण घर पीछे नदी 9 बोर, ट्रासफार्मर जमीन कि अंदर काटा तार से घिरा हुआ। सुज्जित फार्महाउस पता 75 लाख प्रति एकड़। अंधियारखोर, तहसील- नवागढ़, जिला-बेमेतरा।

जय महाकाल प्रापर्टी डिलिंग, पंडित चौक, कुण्डा रोड़, तालम सेतगंगा जिला- मुंगेली
मो.: 9238210014
निवेदन:- कृपया खरीददार व्यक्ति ही संपर्क करें। दलाल संपर्क ना करें। तुरंत रजिस्ट्री सामान्य ब्राम्हण

पीजी कालेज में जेंडर समानता पर कार्यशाला सम्पंन

# महिला सशक्तिकरण पर विशेषज्ञो ने रखे विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनिनाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में दिनांक 20 नवंम्बर 2025 को PM-USHA प्रकोष्ठ के द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान द्वारा प्रायोजित, जेंडर इनिक्वालिटी एंड एक्सप्लोइटेशनः, मल्टीडाइमेंशनल पर्सपेक्टिव, विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉक्टर आशा शुक्ला, भूतपूर्व कुलपति, डॉ. अंबेडकर विश्वविद्यालय महू, मुख्य अतिथि एवं श्रोत वक्ता तथा रुपेश चंद्रवंशी काउंसलर, लाइवलीहुड कॉलेज महाराजपुर, कवर्धा, श्रोत वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। मां सरस्वती के पूजन एवं राजगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. ऋचा मिश्रा ने अपने स्वागत एवं अध्यक्षीय उदबोधन में लैंगिक असमानता एवं उसमें छात्राओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि एवं स्त्रोत वक्ता प्रोफेसर डॉ. आशा शुक्ला ने लैंगिक संवेदनीकरण विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि कर उनका सर्वांगीण विकास करेगी। स्त्रोत वक्ता रुपेश चंद्रवंशी ने छात्राओं एवं महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर विषय पर अपना वक्तव्य दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल शर्मा एवं डॉ. दीप्ति जांगड़े ने किया नरेंद्र कुलमित्र सहायक प्राध्यापक हिंदी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में PM-USHA संयोजक दीपक कुमार देवांगन, सदस्य मुकेश कामले, संतोष साहू, सुश्री सीमा मंडावी, सहायक प्राध्यापक- श्रीमती आकांक्षा वर्मा, डॉ कविता कन्नौजे, राकेश चंदेल, भानु प्रताप सिंह सहित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कार्यालयीन स्टाफ एनसीसी, एनएसएस के स्वयं सेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# प्रधानमंत्री सड़क का खस्ता हाल रोड के गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर से धनेली प्रधानमंत्री सड़क जानलेवा साबित हो रहा है बताना लाजिमी होगा कि ग्राम धनेली के पुलिया के पास प्रधानमंत्री सड़क का हालत इतना ज्यादा खतरनाक है कि बड़ा सा गड्ढा का आकार ले लिया गया है जिसमें आने-जाने वाले राहगीरों के साथ-साथ स्कूली छात्र छात्राओं को भारी परेशानियों के सामना करना पड़ यहां तक की किसानों के लिए यही मार्ग है खेती-बाड़ी के काम में ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग किया जाता है यह एक बड़ी समस्या है क्योंकि जस्ट पुलिया के पास ही यह गड्ढा है कहीं बड़ी दुर्घटना इस प्रधानमंत्री सड़क के जर्जर सड़क के गड्ढा पर हो ना जाए कम से कम शासन को संज्ञान में लेते हुए ऐसे खतरनाक गड्ढा एवं जर्जर सड़क का तत्काल मरम्मत किया जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना घटित ना हो जाए जब कांग्रेस के सरकार था तब यही भाजपा के लोग गड्ढा एवं सड़क पर बैठकर आंदोलन यह चक्का जाम किया करते थे आज जब भाजपा का सरकार आया तो छोटे से गड्ढा एवं जर्जर सड़क पर मरम्मत की बहुत दूर की बात है छोटा सा गड्ढा भी नहीं पटाया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411